


* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 23 सितंबर, 2025, मंगलवार, वर्ष 10, अंक 333, आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00





# जीएसटी उत्सव से गुलजार हुआ बाजार

## सस्ता हुआ सामान, रोटी, कपड़ा, मकान और वाहन पर टूट पड़े ग्राहक

सुनील कुमार सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** नया जीएसटी दर सोमवार से लागू हो गया। वहीं, नवरात्र के साथ त्योहरों का मौसम भी शुरू हो गया। जीएसटी बदलाव और तरह-तरह की सेल ने नवरात्र बाजार को पहले दिन से ही गुलजार बना दिया है। ऑफलाइन हो या ऑनलाइन सभी जगह रौनक दिख रही है। ऑनलाइन बाजार के बिक्रेता प्लेटफार्म पर 20-80 फीसदी तक छूट दी जा रही है।

वहीं, बड़े-बड़े रिटेर स्टोर पर भी छूट का बोर्ड चस्पा हुआ है। जीएसटी कम और छूट ने रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी से लेकर कपड़े, एसी, फ्रीज, मोबाइल जैसे घरेलू सामान के साथ-साथ वाहनों के बाजार की रौनक बढ़ा दी है।

**थाली सस्ती हो गयी :** सरकार ने करीब 375 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरों में कटौती की है। इनमें रोजमर्रा की किराने के सामान, दूध, पनीर, घी आदि भी शामिल हैं। कंपनियों के बड़े-बड़े किराना दुकान पर त्योहार में छूट चल रही। ग्राहकों को लुभान के लिए खाने-पीने की वस्तुओं पर छूट दी जा रही है। वहीं, जीएसटी कम होने से ग्राहकों को दोतरफा फायदा मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि किराने पर लगभग 13 फीसदी खर्च कम हो गया है। पैकेट बंद खाद्य पदार्थों जैसे आटा, चावल, दाल, बिस्कुट, नमकीन पर पहले 12% या 18% जीएसटी लगता था। अब इन्हें घटा कर 5% वाले स्लैब में डाल दिया गया है। इससे चार सदस्यीय परिवार को हर महीने औसतन 1800 रुपये तक की बचत हो सकती है। साबुन, तेल, टूथपेस्ट, डिटर्जेंट, शैंपू जैसी रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली चीजों पर पहले 18% टैक्स लगता था और अब 5% लगेगा। यदि कोई परिवार महीने में इन वस्तुओं पर एक हजार रुपये खर्च करता था, तो पहले उन्हें 180 रुपये टैक्स देना पड़ता था। नयी दर के अनुसार केवल 50 रुपये टैक्स देना होगा। इससे लगभग 130 रुपये की बचत होगी। इस बदलाव से घरेलू खर्च का बोझ कम होगा।

**नवरात्र में कपड़े-जूते लोगों के बजट में फिट :** नवरात्र में खानपान के साथ-साथ कपड़े-जूते आदि की जमकर खरीदारी होती है। पहले तय सीमा से ऊपर कीमत वाले रेडीमेड कपड़े और जूतों पर 12% से 18% तक जीएसटी लगता था। अब इन पर कर घटा कर 5% कर दिया गया है। यदि कोई परिवार महीने में पांच हजार के कपड़े और जूते खरीदता था, तो पहले 18% टैक्स के हिसाब से 900 रुपये टैक्स देना पड़ता था। नयी दरों के अनुसार केवल 250 रुपये टैक्स देना पड़ रहा।

**वाहन, टीवी, एसी, फ्रिज पर हजारों बचने लगे :** नवरात्र से लेकर दीपावली तक लोग टीवी, एसी, फ्रिज, मोबाइल और अन्य बड़े इलेक्ट्रॉनिक सामानों के साथ-साथ वाहन की भी खरीदारी करते हैं। इन सभी वस्तुओं पर जीएसटी कम की गयी है। लोगों को हजारों रुपये की बचत होगी। बाइक और कार जैसे वाहनों पर पहले 28% टैक्स देना पड़ता था। अब इन पर 18% टैक्स लगेगा। इससे दोपहिया वाहनों में मोटरसाइकिल और स्कूटर की कीमतें 15 हजार से 20 हजार रुपये तक कम हो गयी। छोटी और हैचबैक गाड़ियों के दाम 70 हजार रुपये से लेकर 1.50 लाख तक कम हो गये हैं। प्रीमियम एसयूवी की कीमतें 1.25 से लेकर 2.5 लाख रुपये तक घटायी गयी हैं। लग्जरी वाहनों के दाम 3.5 लाख से लेकर 30.5 लाख तक कम हो गये हैं। नतीजतन वाहन बाजार में रौनक बढ़ी है। बिल्डिंग मटेरियल भी सस्ता हो गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र

## दुकानदारों से की 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेचने की अपील

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जीएसटी बचत उत्सव' पर देशवासियों को खुला पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू होने के साथ ही पूरे देश में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हो गयी है। इन बदलावों से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नये जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता यह है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही दरें रहेंगी। इंश्योरेंस से लेकर घर के सामान तक सब सस्ता हुआ है। आने वाले समय में और आसान होता जायेगा। उन्होंने लिखा कि मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारियों ने अपने यहां 'पहले और अब' के बोर्ड लगाये हैं, जिसमें लोगों को दिखाया जा रहा



है कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। मोदी ने कहा कि नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। नये जीएसटी रिफॉर्म्स को लागू करने से देशवासियों को सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये बचेंगे। उन्होंने लिखा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के हमारे संकल्प को सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता का रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है। अभी जो नये जीएसटी रिफॉर्म्स आये हैं, उनसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनायें। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए लिखा कि मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वे स्वदेशी सामान ही बेचें। आइये गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों को और त्योहारों की खुशी को बढ़ाएं। इसी यही कामना है। एक बार फिर, मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं।

### जीडीपी में 0.8 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'जीएसटी बचत' उत्सव की घोषणा की थी। जीएसटी की दरें कम होने से समाज के सभी वर्गों को फायदा होगा। इसलिए बाजार में रौनक भी बढ़ी है। जब बाजार में रौनक आयेगी तो आर्थिक सुधार भी होगा। जानकारों की मानें तो जीएसटी सुधारों से देश की जीडीपी 0.8 फीसदी तक बढ़ सकती है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815


## कमल भूषण हत्याकांड में दामाद-समधी और शूटर तीनों को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित कमल भूषण हत्याकांड मामले में सोमवार को कोर्ट का फैसला आ गया। एजेसी-3 आनंद प्रकाश की अदालत ने तीन दोषियों राहुल कुजूर, डब्लू कुजूर और काविस अदनान को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। तीनों पर 15-15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6-6 माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कोर्ट ने धारा 302 आइपीसी के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

इस मामले में सुशीला कुजूर को साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया है, जबकि इस केस में सरकारी गवाह बने मुनव्वर अफाक को भी बरी कर दिया गया है। बता दें कि 30 मई 2022 को पिस्का मोड़ के देवी मंडप रोड पर गैलेक्सिया मॉल के पास अपराधियों ने गोली मार कर कमल भूषण की हत्या कर दी थी। दरअसल, कमल भूषण के बिजनेस पार्टनर रहे डब्ल्यू कुजूर के बेटे राहुल ने कमल की बेटी यामिनी से लव मैरेज कर लिया था, तभी से दोनों परिवार में अनबन शुरू हो गयी थी।

## मानहानि अपराध की श्रेणी से बाहर की जाये: सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि मानहानि को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाये। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच पूर्व जेएनयू प्रोफेसर अमिता सिंह की ओर से 2016 में एक मीडिया संस्थान के खिलाफ दाखिल मानहानि मामले की सुनवाई कर रही थी। मीडिया संस्थान की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि प्रोफेसर अमिता सिंह ने एक दस्तावेज तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को अश्लील गतिविधियों और आतंकवाद का अड्डा बताया गया। अमिता सिंह का आरोप है कि रिपोर्टर और संपादक ने बिना सत्यता जांचे यह खबर प्रकाशित की, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुंदरेश के आदेश पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से सहमति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी का मामला भी



इसी तरह विचाराधीन है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अमिता सिंह को नोटिस भेजा।

भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 इसके लिए सजा का प्रावधान करती है। पहले यही प्रावधान आपीसी की धारा 499 में था, जिसकी संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में सही ठहराया था। 2016 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आपराधिक मानहानि कानून बोलने की आजादी पर एक 'जरूरी रोक' है और यह लोगों के जीवन और सम्मान की रक्षा करता है।

## मधुपुर के एचडीएफसी बैंक में दिनदहाड़े डकैती

- हेलमेट और बुर्का पहन घुसे बदमाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** देवघर जिले के मधुपुर में सोमवार दोपहर करीब एक बजे अपराधियों ने बैंक में लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। शहर की राजबाड़ी रोड स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा में हथियार के साथ घुसे करीब आधा दर्जन अपराधियों ने बैंक से रुपये और जेवरात लूट लिये। कितने की लूट हुई है, इस पर अधिकारिक बयान खबर लिखे जाने तक नहीं दी गयी थी। हालांकि सूत्रों के मुताबिक दो से ढाई करोड़ की लूट की बात सामने आ रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



**छह अपराधियों ने दिया अंजाम :** प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12:45 बजे हेलमेट और बुर्का पहन कर दो लोग बैंक के अंदर घुसे। उसके बाद उनके पीछे से चार लोग आये। बैंक में घुसते ही अपराधियों ने हथियार दिखाकर सभी लोगों से उनका फोन ले लिया। इस दौरान बैंक कर्मियों और ग्राहकों के साथ मारपीट की गयी। अपराधी ग्राहकों के साथ-साथ बैंक में रखे नगदी व जेवरात भी लूट कर फरार हो गये।

**अपराधियों का 20 मिनट तक उत्पात :** सभी अपराधियों ने मिलकर करीब 20 मिनट तक बैंक में लूटपाट की। अपराधियों के वहां से निकलते ही पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। जानकारी मिलते ही एसडीपीओ व मधुपुर इंस्पेक्टर इंचार्ज समेत पुलिस दल बैंक पहुंचे। पुलिस छानबीन कर रही है। सीसीटीवी खंगाला जा रहा है। लूटी गयी राशि का आकलन किया जा रहा है।

## वैश्विक प्रतिभाओं को लुभाने के लिए चीन ने शुरू किया के-वीजा

- चीनी कंपनी में नौकरी के ऑफर बिना भी आवेदन कर सकेंगे

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख रुपये कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग आदि से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन विषयों में रिसर्च कर रहे उम्मीदवार भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। बताते चलें कि अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है।

**चीनी कंपनी में नौकरी के बिना भी आवेदन कर पायेंगे :** जेड-वीजा वाला विदेशी व्यक्ति अगर चीन में काम करना चाहता है, तो उसे पहले किसी चीनी कंपनी या संस्था से नौकरी का प्रस्ताव या स्पॉन्सरशिप चाहिए होती है। लेकिन के-वीजा में यह नियम नहीं है। इसमें आवेदक को किसी स्थानीय कंपनी की जरूरत नहीं है। बस उसकी योग्यता, जैसे आयु, शिक्षा और काम का अनुभव देखा जाएगा। इससे



विदेशी पेशेवरों के लिए आवेदन करना आसान हो जायेगा। जेड-वीजा में किसी चीनी कंपनी की नौकरी मिलनी जरूरी है और वीजा सिर्फ उसी कंपनी के लिए वैध होता है। नौकरी बदलने पर नया वीजा लेना पड़ता है।

के-वीजा के साथ ऐसा कोई नियम नहीं होगा। शिक्षा और अनुभव के आधार पर सीधे आवेदन किया जा सकता है।

**12 तरह के वीजा जारी करता है चीन :** चीन अभी 12 तरह के वीजा जारी करता है। अभी चीन में काम करने के लिए आर-वीजा या जेड-वीजा का इस्तेमाल किया जाता है। जेड-वीजा की वैधता एक साल की है। जबकि आर-वीजा में ठहरने के लिए सिर्फ 180 दिन मिलते हैं। आर-वीजा के लिए कोई फीस नहीं लगती, लेकिन इसकी आवेदन प्रक्रिया लंबी और पेचीदा है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाया। वहीं, के-वीजा में विदेशियों को ज्यादा समय तक चीन में रहने की सुविधा मिलेगी। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि यह कितने समय के लिए होगी। के-वीजा में कुछ ऐसी सुविधाएं दी गयी हैं, जो अभी चल रहे जेड- वीजा में नहीं है।

### ब्रिटिश सरकार का जीरो फीस पर मंथन

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में सरकार ने एच-1बी वीजा का शुल्क बढ़ाने का एलान किया है। इस फैसले के बाद कई देशों में वैश्विक प्रतिभाओं को बुलाने की होड़ सी मची है। युवाओं को लुभाने की ताक में ब्रिटिश सरकार वीजा संबंधी फीस में कटौती पर विचार कर रही है। एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया जा रहा है। खास बात ये है कि अमेरिकी वीजा शुल्क के 88 लाख रुपये होने के बाद यूके की सरकार ने वीजा फीस घटाने के संकेत दिए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की सरकार वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए अपने 'ग्लोबल टैलेंट वीजा' को और आकर्षक बनाने की तैयारी में है।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/






# भारत के लिए चुनौती नहीं, अवसर है ट्रंप की वीजा नीति

## ■ विदेश की बजाय अपने देश में ही इस्तेमाल हो सकेगी भारतीय प्रतिभा

## ■ प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी अभियान को मिल सकती है कामयाबी

## ■ भारतीय प्रतिभा अब भारत में ऊर्जा लगायें और देश को आगे बढ़ायें

**आजाद सिपाही विशेष**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एच-1बी वीजा के नियम बदल दिये हैं। इसके तहत कंपनियों को हर एक एच-1बी वीजा कर्मचारी के लिए सालाना एक लाख डॉलर (करीब 83 लाख रुपये) का भुगतान करना होगा। इसको लेकर भारत में चिंता का माहौल है, लेकिन हकीकत यही है कि ट्रंप का यह कदम अमेरिकी इनोवेशन को प्रभावित करेगा और भारत के विकास को बढ़ावा देगा। यदि इसे दूसरे शब्दों में कहें, तो यह भारत के लिए चुनौती नहीं, अवसर है। वास्तव में भारत समेत दुनिया भर की प्रतिभाओं के लिए दरवाजे बंद कर अमेरिका नयी प्रयोगशालाओं, पेटेंटों, इनोवेशन और स्टार्टअप की अगली लहर को बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम की ओर धकेल रहा है। अमेरिका में काम कर रहे एच-1बी वीजा धारकों में सबसे अधिक भारतीय हैं। इनमें कुछ बेहतरीन पेशेवर और तकनीकी विशेषज्ञ हैं, जो देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। भारत के बेहतरीन डॉक्टरों, इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और इनोवेटरों के पास अब भारत के विकास में योगदान देने का अवसर है। कुल मिला कर नयी वीजा नीति से अमेरिका का नुकसान भारत के लिए फायदेमंद होगा। वीजा के नये नियमों को यदि अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है, तो इसका अमेरिका की स्वास्थ्य सेवाओं, उच्च शिक्षा और तकनीकी क्षेत्रों पर असर पड़ने की संभावना है। अमेरिका में विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम-एसटीइएम) पेशेवरों की संख्या 2000 और 2019 के बीच दोगुनी से ज्यादा होकर लगभग 25 लाख हो गयी, जबकि इस दौरान समेकित रोजगार में केवल 44.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। क्या है ट्रंप की नयी वीजा नीति और भारत के लिए कैसे यह अवसर बन सकता है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा को लेकर जो नया कदम उठाया है, वह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिभा प्रवाह (ग्लोबल टैलेंट फ्लो) की दिशा बदलने वाला निर्णय सिद्ध हो सकता है। इस नीति के अंतर्गत हर वर्ष एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को एक लाख डॉलर (लगभग 83 लाख रुपये) शुल्क देना होगा। यह राशि वर्तमान ढांचे की तुलना में कई गुना अधिक है और सीधे-सीधे उन कंपनियों पर बोझ डालेगी, जो भारतीय और चीनी पेशेवरों पर निर्भर हैं।

### क्यों लिया गया यह फैसला

दरअसल ट्रंप प्रशासन का दावा है कि अमेरिकी नौकरियों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता है। उनके अनुसार जब अमेरिकी विश्वविद्यालय हर साल लाखों ग्रेजुएट पैदा कर रहे हैं, तो कंपनियों को चाहिए कि वे उन्हीं को प्रशिक्षित करें और काम दें। यह कदम उनके अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट फायरवॉल नामक नयी पहल भी शुरू की गयी है, जिसका उद्देश्य कंपनियों द्वारा वीजा दुरुपयोग पर रोक लगाना है। ट्रंप का कहना है कि अब तक एच-1बी वीजा का इस्तेमाल कंपनियां वेतन दबाने और अमेरिकी युवाओं की नौकरियां छीनने के लिए करती रही हैं। नयी व्यवस्था में कंपनियों को भारी-भरकम शुल्क चुकाना होगा, जिससे वे विवश होकर स्थानीय कर्मचारियों को प्राथमिकता देंगी।

### भारतीय प्रतिभाओं पर निर्भर हैं अमेरिकी कंपनियां

अमेरिका की अधिकांश टेक कंपनियां, जिनमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, मेटा और जेपी मॉर्गन जैसी दिग्गज शामिल हैं, भारतीय प्रतिभाओं पर काफी हद तक निर्भर हैं। केवल 2025 की पहली छमाही में ही अमेजन और उसकी क्लाउड इकाई अमेजन वेब सर्विसेज ने 12 हजार से अधिक एच-1बी वीजा मंजूर करवाये। देखा जाये तो भारत अकेले लगभग 71 प्रतिशत एच-1बी वीजा का लाभार्थी है। टेक कंपनियों का तर्क है कि अमेरिकी विश्वविद्यालय इतनी मात्रा में कुशल इंजीनियर और प्रोग्रामर तैयार नहीं कर पा रहे, जो उनकी जरूरत पूरी कर सकें। इस स्थिति में भारतीय और अन्य एशियाई देशों के पेशेवर ही उनकी रीढ़ बने हुए हैं।




### कम हो जायेगी अमेरिकी नवाचार की क्षमता

अब ट्रंप के नये फैसले के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि शुल्क बढ़ाने से अमेरिका अपनी नवाचार क्षमता खो सकता है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), सेमीकंडक्टर और एडवांस टेक्नोलॉजी की होड़ में चीन से पिछड़ सकता है।

### भारत पर क्या होगा असर

बड़ा सवाल यह है कि ट्रंप के फैसले का भारत पर क्या असर होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत इस नीति से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है, क्योंकि हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और वित्त विशेषज्ञ एच-1बी वीजा के जरिये अमेरिका जाते हैं। देखा जाये तो भारतीय युवाओं के लिए अमेरिकी नौकरी बाजार का दरवाजा इस फैसले के बाद सीमित हो जायेगा। इससे उनके सपनों पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी कंपनियां अमेरिकी परियोजनाओं के लिए बड़ी संख्या में भारतीय कर्मचारियों को अमेरिका भेजती रही हैं। नयी नीति से इनकी लागत बढ़ेगी और परियोजनाओं की गति धीमी पड़ सकती है। साथ ही ट्रंप के फैसले का सबसे बड़ा असर यह हो सकता है कि अब तक जो उच्च कुशल प्रतिभा अमेरिका चली जाती थी, वह भारत में ही रह कर यहां की कंपनियों के लिए काम करेगी।

### भारत के लिए बन सकता है अवसर

ट्रंप के फैसले को केवल नकारात्मक रूप से नहीं देखा जाना चाहिए। भारत के लिए यह एक अवसर भी है। अब तक देखा गया है कि भारतीय मूल के कई दिग्गज अमेरिकी कंपनियों में शीर्ष पदों पर पहुंचे हैं। जैसे सत्या नडेला (माइक्रोसॉफ्ट), सुंदर पिचाई (गूगल), अजय बंगा (विश्व बैंक) आदि। यदि यही प्रतिभा भारत में रह कर देश की कंपनियों को आगे बढ़ाती, तो भारत की वैश्विक स्थिति कहीं और होती।

### अवसर को भुनाने की चुनौती

देखा जाये तो जब वैश्विक दरवाजे सीमित होंगे, तो भारत में स्टार्टअप संस्कृति और मजबूत हो सकती है। भारत सरकार के पास यह मौका है कि वह उच्च कुशल पेशेवरों को आकर्षित करने के लिए टैक्स लाभ, बेहतर शोध सुविधाएं और आसान कारोबारी वातावरण उपलब्ध कराये। यदि भारत सरकार मजबूत अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) ढांचा विकसित करे, तो भारतीय युवाओं को अमेरिका जाने की आवश्यकता कम होगी। इसके अलावा अमेरिका में काम करने वाली भारतीय प्रतिभा यदि भारत लौटती है, तो सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे ये लोग यहां की कंपनियों को आगे बढ़ायें। साथ ही उच्च कौशल वाले पेशेवरों को कर में छूट, आसान फंडिंग और ढांचागत सुविधाएं मुहैया कराकर भारतीय उद्योग को प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका के लिए शायद तात्कालिक राजनीतिक लाभ ला सकता है, लेकिन दीर्घकाल में यह कदम उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर भारत को इसे अवसर के रूप में देखना चाहिए। अब तक कुशल भारतीय पेशेवरों का मस्तिष्क और मेहनत अमेरिकी कंपनियों के लिए संपत्ति बनता रहा है। यदि यही प्रतिभा भारत में रहकर भारतीय कंपनियों के लिए काम करे, तो न केवल भारतीय उद्योग जगत, बल्कि पूरे देश की प्रगति तेज हो सकती है। आज भी गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी, आइबीएम और विश्व बैंक जैसे वैश्विक संस्थानों के शीर्ष पदों पर भारतीय बैठे हैं। अगर यही भारतीय प्रतिभा भारत की कंपनियों में अपनी ऊर्जा लगायें, तो इसका लाभ सीधे भारत की अर्थव्यवस्था और समाज को मिलेगा। भारत सरकार को चाहिए कि इसे अवसर मानकर उच्च कौशल वाले पेशेवरों के लिए सुविधाजनक माहौल और प्रोत्साहन तैयार करे। बहरहाल ट्रंप की यह नीति भारत के लिए मस्तिष्क पलायन को रोकने और प्रतिभा को देश में ही बनाये रखने का सुनहरा अवसर साबित हो सकती है।

---

### एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर में निभाई थी बड़ी भूमिका

# सैनिक स्कूल तिलैया ने मां भारती की सेवा में कई सपूत दिये हैं : अवधेश कुमार भारती

**सैनिक स्कूल तिलैया के पूर्व छात्र रहे एयर मार्शल का हुआ भव्य स्वागत**

**सतीश कुमार**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती जनरल ऑफिसर की बड़ी भूमिका रही थी। वे सैनिक सैनिक तिलैया के पूर्व छात्र रहे हैं। उनके सैनिक स्कूल तिलैया पहुंचने पर सोमवार को भव्य स्वागत किया गया। वे इसी स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं। श्री भारती बिहार के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने स्कूल पहुंचकर छात्र जीवन को याद किया। भारतवर्ष के शान को सजाये रखने में भारतीय सशस्त्र सेना आदिकाल से ही चैतन्य और पराक्रमी रही है। जब भी भू-वैश्विक प्रभाव और आत्म-रक्षा की बात हुई है, तब हमारी सशस्त्र सेना, प्राचीन काल से अबतक अदम्य और अजेय पराक्रम दिखाती रही है। बता दें कि ऐसे अजेय सशस्त्र बल के लिए पिछले छह दशकों से नेतृत्व प्रदाता गढ़ने में सैनिक स्कूल तिलैया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सैनिक स्कूल तिलैया ने भारत



माता की सेवा में ऐसे कई सपूत सौपे हैं, जिन्होंने राष्ट्र को रक्षा और विकास पथ पर कुशल नेतृत्व प्रदान किया है। उन्हीं अजेय सपूतों में एक ऑपरेशन सिंदूर के कुशल सेनानायक, सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, वायु सेना मेडल से अलंकृत एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती हैं, जो सैनिक स्कूल तिलैया के 1977-1983 बैच के सैन्य-छात्र रहे हैं और 1987 में कमीशन प्राप्त कर, भारतवर्ष के रक्षार्थ, हर फ्रांट पर पिछले 38 वर्षों से आक्रामक और निर्णायक भूमिका का निर्वाह करते आये हैं। जानकारी के मुताबिक एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती, तात्कालिक तौर पर जून 2025 से इंडियन एयर फोर्स स्टाफ के डिप्टी चीफ के पद पर नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। मौके पर उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा, प्रशासनिक अधिकारी कमांडर प्रशांत बिरादर, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक उपस्थित थे।

**अमर तिलैयन स्मृति-स्थल पर पुष्प-चक्र चढ़ाया :**डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ' पदभार संभालने के बाद सैनिक स्कूल तिलैया परिवार में इनका यह परिभ्रमण अत्यंत अनौपचारिक और प्रेरणास्पद रहा। वायु सेना जनरल अधिकारी ने अमर तिलैयन स्मृति-स्थल पर पुष्प-चक्र चढ़ाया और श्रद्धा सुमन अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही विद्यालय परिवार के कार्यरत सभी सदस्यों से स्नेहपूर्वक भेंट किया। इसके बाद विशिष्ट अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रातःकालीन स्पेशल असेम्बली के दौरान सैन्य छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। जनरल अधिकारी ने युवा सैन्य छात्र-छात्राओं से कहा कि देश विकास और स्थायित्व के पथ पर स्थिर होकर आगे बढ़ रहा है। अतः आप विद्यार्थी संवर्ग की यह जिम्मेदारी है कि आप स्वयं को पहचाने, समय का उचित प्रबंधन करें और अपने आप पर भरोसा रखकर, अपनी क्षमता का विकास करें। उन्होंने सैनिक स्कूल तिलैया परिवार में पुनः आने को सौभाग्य से भरा बताया और विद्यालय-परिवार के प्रति आभार प्रकट किया।

**इन्होंने किया सम्मानित**

विशिष्ट अतिथि ने रसायन विज्ञान के विज्ञ पूर्व अध्यापक डी मैती और राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित निवर्तमान वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक को विशिष्ट-चिह्न, शाल भेट कर सम्मानित किया। जबकि सैन्य-छात्रों को दिये गये विशेष पारितोषिक में विशिष्ट-अतिथि के द्वारा 'इंटर हाउस क्रॉस कंट्री सर्वश्रेष्ठ सैन्य-छात्रा' रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गयी। इसमें 2024-25 सत्र के 10 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए 10 वीं की सैन्य-छात्रा भूमि को प्रथम पुरस्कार दिया गया। मुख्य कार्यक्रमों की श्रृंखला में कर्नल प्रणव स्टेडियम में आर्चरी-एरेना तीरंदाजी परिक्षेत्र का उद्घाटन किया। विद्यालय परिसर का परिभ्रमण और सैनिक स्कूल तिलैया के शैक्षिक उन्नति से जुड़े विषय परिचर्चा के केंद्र रहे।

**सैन्य छात्र राष्ट्र-लक्ष्य के प्रति काम कर रहे हैं: प्राचार्य**

स्वागत संबोधन के दौरान विद्यालय के प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आर ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि जनरल अधिकारी का यह दौरा सैन्य छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक हुआ है। उनके आगमन से छात्रों के मन में कर्तव्य, आत्मविश्वास और दृढ निश्चय की भावना और प्रबल हुई है। विद्यालय परिवार उनके स्नेह और समर्थन के प्रति आभारी और कृतज्ञ है। सैन्य छात्र राष्ट्र-लक्ष्य के प्रति और प्रेरित होकर काम कर रहे हैं और भविष्य में सैन्य-छात्र, देश की उन्नति के मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

---

### योगी सरकार को आतंकी पन्नू की धमकी, कहा

# दिवाली पर अयोध्या में अंधेरा करूंगा

**पन्नू ने कहा कि पंजाब हिंदुस्तान का हिस्सा नहीं है और 19 अक्टूबर तक सभी प्रवासी और 'हिंदू आतंकवादी' राज्य छोड़ दें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने धमकी दी कि पंजाब में वही रहेगा, जो दिवाली नहीं मनायेगा और केवल बंदी छोड़ दिवस पर दीपमाला करेगा। इस साल दिवाली पर जब अयोध्या में लाखों दीये जलाये जायेंगे, तो वह वहां अंधेरा करवायेगा। संगठन के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी करके कहा कि 19 अक्टूबर तक प्रवासी पंजाब छोड़ दें, वरना उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। पन्नू ने अपने वीडियो में बटाला रेलवे स्टेशन के शॉट्स शेयर किये हैं और दावा किया है कि वहां खालिस्तानी नारे लिखे गये। उसने कहा कि ये नारे स्टेशन के बोर्ड और इलेक्ट्रिसिटी बॉक्स पर लिखे गये हैं। पन्नू ने साथ ही अचलेश्वर धाम मंदिर का भी जिक्र किया।




### वीडियो जारी कर पन्नू ने क्या कहा

पन्नू ने कहा कि पंजाब हिंदुस्तान का हिस्सा नहीं है और 19 अक्टूबर तक सभी प्रवासी और 'हिंदू आतंकवादी' राज्य छोड़ दें। पन्नू ने दावा किया कि दिवाली के दिन अयोध्या में अंधेरा होगा और उसी तरह पंजाब में भी हिंदू आतंकवाद फैलाने वाले लोग नहीं रहेंगे।

उसने कहा कि 19 अक्टूबर तक बटाला रेलवे स्टेशन पर छापे लगेंगे और नारे लिखे गये हैं। पन्नू का दावा है कि डीजीपी गौरव यादव को हिंदू आतंकवादियों का साथ देने के लिए चेतावनी दी और मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार को तिला-तिला करने की धमकी दी। पंजाब में सिर्फ वही लोग रहेंगे जो बंदी छोड़ दिवस मनाते हुए दीपमाला करेंगे और राज्य को आजादी दिलाने की बात भी की। अपने संदेश में पन्नू ने कहा कि खासकर वे पंजाबी राज्य छोड़ें, जो हिंदुत्व आतंक फैलाने का काम कर रहे हैं। उसने साफ चेतावनी दी कि अल्टीमेटम न मानने पर गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं, हालांकि उसने ये स्पष्ट नहीं किया कि वह किस तरह की कार्रवाई करेगा। पन्नू ने वीडियो में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी निशाने पर लिया। उसने आरोप लगाया कि डीजीपी यादव हिंदू आतंकवाद फैलाने वालों का साथ दे रहे हैं। वहीं सीएम मान को चेतावनी दी कि उनकी पार्टी को वह उसी तरह बिखेर देगा, जैसे कांग्रेस और बीजेपी का पंजाब में हाल किया गया है।



# दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा-2025
## के अवसर पर
# भारतीय रेल की पहल



**दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक चलाई जा रही है विशेष रेलगाड़ियाँ**

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन | | तिथियाँ | | आवृत्ति | चलने के दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | से | तक | | |
| 08439 | पुरी | पटना जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08440 | पटना जं. | पुरी | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02811 | भुवनेश्वर | यशवन्तपुर जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02812 | यशवन्तपुर जं. | भुवनेश्वर | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08581 | विशाखापत्तनम | एसएमवीटी बेंगलुरु | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08582 | एसएमवीटी बेंगलुरु | विशाखापत्तनम | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08547 | विशाखापत्तनम | तिरुपति | 12.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 08548 | तिरुपति | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 08579 | विशाखापत्तनम | चर्लपल्ली | 12.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08580 | चर्लपल्ली | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03230 | पटना जं. | पुरी | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03229 | पुरी | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03208 | बक्सर | क्यूल | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03207 | क्यूल | बक्सर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03209 | झाझा | दानापुर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03210 | दानापुर | झाझा | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05297 | पाटलिपुत्र | बलिया | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05298 | बलिया | पाटलिपुत्र | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03215 | पटना जं. | थावे जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03216 | थावे जं. | पटना जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03677 | धनबाद जं | गोरखपुर जं. | 21.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03678 | गोरखपुर जं | धनबाद जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03043 | हावड़ा जं. | रक्सौल जं. | 27.09.25 | 15.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03044 | रक्सौल जं. | हावड़ा जं. | 28.09.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03511 | आसनसोल जं. | पटना जं | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03512 | पटना जं. | आसनसोल जं. | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03131 | सियालदह | गोरखपुर जं. | 30.09.25 | 18.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | मंगलवार, गुरुवार |
| 03132 | गोरखपुर जं | सियालदह | 01.10.25 | 19.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुधवार, शुक्रवार |
| 03527 | आसनसोल जं. | गोरखपुर जं. | 26.09.25 | 07.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03528 | गोरखपुर जं. | आसनसोल जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03007 | हावड़ा जं. | खातीपुरा | 28.09.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03008 | खातीपुरा | हावड़ा जं. | 30.09.25 | 04.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03109 | कोलकाता टर्मिनल | वडोदरा जं. | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03110 | वडोदरा जं. | कोलकाता टर्मिनल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03417 | मालदा टाउन | उधना जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03418 | उधना जं. | मालदा टाउन | 29.09.25 | 10.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03187 | कोलकाता टर्मिनल | मधुबनी | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03188 | मधुबनी | कोलकाता टर्मिनल | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 03465 | मालदा टाउन | दीघा | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03466 | दीघा | मालदा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03101 | सियालदह | मालतीपाटपुर | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03102 | मालतीपाटपुर | सियालदह | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03135 | सियालदह | पटना जं. | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03136 | पटना जं. | सियालदह | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03430 | मालदा टाउन | चर्लपल्ली | 30.09.25 | 11.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03429 | चर्लपल्ली | मालदा टाउन | 02.10.25 | 13.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 04131 | कानपुर सेंट्रल | एसएमवीटी बेंगलुरु | 21.09.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 04132 | एसएमवीटी बेंगलुरु | कानपुर सेंट्रल | 24.09.25 | 12.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07019 | जयपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07020 | हैदराबाद | जयपुर जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07029 | अगरतला | चर्लपल्ली | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07030 | चर्लपल्ली | अगरतला | 26.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07053 | काचीगुडा | बीकानेर जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07054 | बीकानेर जं. | काचीगुडा | 23.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07075 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07076 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07191 | काचीगुडा | मदुरै जं. | 22.09.25 | 20.10.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07192 | मदुरै जं. | काचीगुडा | 24.09.25 | 22.10.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07193 | हैदराबाद | कोल्लम जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07194 | कोल्लम जं. | हैदराबाद | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07230 | हैदराबाद | कन्याकुमारी | 24.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07229 | कन्याकुमारी | हैदराबाद | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07651 | जालना | छपरा | 27.08.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07652 | छपरा | जालना | 29.08.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07153 | नरसापुर | एसएमवीटी बेंगलुरु | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07154 | एसएमवीटी बेंगलुरु | नरसापुर | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07005 | चर्लपल्ली | रक्सौल जं. | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07006 | रक्सौल जं. | चर्लपल्ली | 09.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07717 | तिरुपति | हिसार | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07718 | हिसार | तिरुपति | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07017 | चर्लपल्ली | तिरुपति | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07018 | तिरुपति | चर्लपल्ली | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07131 | तिरुपति | नरसापुर | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07132 | नरसापुर | तिरुपति | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07233 | चर्लपल्ली | नरसापुर | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07234 | नरसापुर | चर्लपल्ली | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07445 | काकीनाडा टाउन | लिंगमपल्ली | 22.09.25 | 24.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शुक्र |
| 07446 | लिंगमपल्ली | काकीनाडा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, गुरु, शनि |
| 07447 | काकीनाडा टाउन | चर्लपल्ली | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07448 | चर्लपल्ली | काकीनाडा टाउन | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07605 | तिरुपति | अकोला जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07606 | अकोला जं. | तिरुपति | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07609 | जालना | तिरुपति | 23.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07610 | तिरुपति | जालना | 24.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07521 | कड़पा | गुंतकल जं. | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07522 | गुंतकल जं. | कड़पा | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07057 | पूर्णा जं. | जालना | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07058 | जालना | पूर्णा जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07281 | पूर्णा जं. | जालना | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07282 | जालना | नांदेड़ | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07012 | तिरुपति | चर्लपल्ली | | 27.09.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07011 | चर्लपल्ली | तिरुपति | | 26.09.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07055 | काचीगुडा | नागरसोल | | 25.09.25 | एक फेरा | गुरुवार |
| 07056 | नागरसोल | काचीगुडा | | 26.09.25 | एक फेरा | शुक्रवार |
| 07046 | चर्लपल्ली | नाहरलगुन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07047 | नाहरलगुन | चर्लपल्ली | 23.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 08611 | संतरागाछी जं. | अजमेर जं. | 22.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08612 | अजमेर जं. | संतरागाछी जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02863 | संतरागाछी जं. | यशवन्तपुर जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02864 | यशवन्तपुर जं. | संतरागाछी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08845 | संतरागाछी जं. | सिकंदराबाद जं. | 19.09.25 | 03.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08846 | सिकंदराबाद जं. | संतरागाछी जं. | 20.09.25 | 04.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08109 | संतरागाछी जं. | पटना जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08110 | पटना जं. | संतरागाछी जं. | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08629 | रांची | गोरखपुर जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08630 | गोरखपुर जं | रांची | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08865 | नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं. | शालीमार | 27.09.25 | 01.10.25 | प्रतिदिन | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध |
| 08866 | शालीमार | नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं. | 28.09.25 | 02.10.25 | प्रतिदिन | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध |
| 06085 | एर्नाकुलम जं. | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06086 | पटना जं. | एर्नाकुलम जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 06055 | पोत्तनूर जं. | बरौनी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 06056 | बरौनी जं. | पोत्तनूर जं. | 09.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 06063 | कोयंबटूर जं. | धनबाद जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06064 | धनबाद जं. | कोयंबटूर जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 01667 | रानी कमलापति | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार, मंगल |
| 01668 | दानापुर | रानी कमलापति | 28.09.25 | 02.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध |
| 01701 | जबलपुर | दानापुर | 26.09.25 | 05.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शुक्र |
| 01702 | दानापुर | जबलपुर | 27.09.25 | 06.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, शनिवार |
| 09821 | सोगरिया | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09822 | दानापुर | सोगरिया | 29.09.25 | 03.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02192 | रीवा | रानी कमलापति | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02191 | रानी कमलापति | रीवा | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01704 | रीवा | डॉ. अम्बेडकर नगर | 27.09.25 | 25.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01703 | डॉ. अम्बेडकर नगर | रीवा | 28.09.25 | 26.10.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09059 | उधना जं. | खोरधा रोड जं. | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09060 | खोरधा रोड जं. | उधना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09025 | वलसाड | दानापुर | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09026 | दानापुर | वलसाड | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09045 | उधना जं. | पटना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09046 | पटना जं. | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09007 | वलसाड | खातीपुरा | 02.10.25 | 30.10.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09008 | खातीपुरा | वलसाड | 03.10.25 | 31.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09031 | उधना जं. | जयनगर | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09032 | जयनगर | उधना जं. | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | पटना जं. | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09344 | पटना जं. | डॉ. अम्बेडकर नगर | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09195 | वडोदरा जं. | मऊ | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09196 | मऊ | वडोदरा जं. | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस | बढ़नी | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09044 | बढ़नी | बांद्रा टर्मिनस | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09117 | उधना जं. | सूबेदारगंज | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09118 | सूबेदारगंज | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09075 | मुंबई सेंट्रल | काठगोदाम | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09076 | काठगोदाम | मुंबई सेंट्रल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09185 | मुंबई सेंट्रल | कानपुर अनवरगंज | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09186 | कानपुर अनवरगंज | मुंबई सेंट्रल | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09039 | उधना जं. | धनबाद जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09040 | धनबाद जं. | उधना जं. | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |

**भारतीय रेल**
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in




# शारदीय नवरात्र उत्सव के रंग में रंगी राजधानी

## भक्ति में रमे श्रद्धालु : स्थापित हुआ मंगल कलश, कहीं दुर्गा तो कहीं गूंजता रहा रामायण पाठ

रांची (आजाद सिपाही)। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा सोमवार को मंगल कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया। साथ ही राजधानी नवरात्र उत्सव के रंग में रंग गयी। भक्ति की स्वरलहरियों से शहर का कोना-कोना गूंज उठा। सतनातनी मां का आह्वान कर भक्ति में रमे रहे। घरों में तो पूजा-पाठ की हीं गयी। मंदिरों और पूजा पंडालों में भी कलश स्थापना कर मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की विशेष पूजा हुई। कई मंदिरों में कलश स्थापना को लेकर मनोहारी कलश शोभायात्रा भी निकाली गयी। कहीं दुर्गा तो कहीं रामायण पाठ के सामूहिक आयोजन के क्या कहने। राधाकृष्ण मंदिर और प्राचीन राम मंदिर चुटिया में ढोल-झाल और करताल की थाप पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगीमय पाठ किया। मां दुर्गा के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये। पारंपरिक वेष-भूषा में माथे चुनरी ओढ़े भक्ति में लीन भक्तों का उत्सव और समर्पण देखते ही बन रहा था। जैप वन परिसर अवस्थित टीकू हॉल दुर्गा मंडप में झारखंड आमर्ड फोर्स के गोरखा जवानों ने शक्ति रूप में मां की कलश स्थापित कर बंदूक की सलामी दी। श्रीवैष्णवी शिव राम सेवा संस्थान गेतालातु की ओर से देवी दर्शन वैष्णो धाम में इस बार 14वां सामूहिक सहस्त्रधिक कलश स्थापना महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। अन्य स्थानों पर भी आयोजित नवरात्र उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का यह आलम अब पूरे नवरात्र यूं ही बना रहेगा।

## 351 कुंवारी कन्याओं ने किया रामायण पाठ



प्राचीन राम मंदिर, चुटिया में इस बार भी भव्य रूप में नवरात्र उत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को कलश स्थापना पूजन के बाद हनुमान दास सत्संग सभा की ओर से सामूहिक रामायण पारायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, उद्घाटनकर्ता राज्य सभा सांसद आदित्य साहू और पद्मश्री मुकुंद नायक, नंदलाल साहू, शंकर दुबे, कुणाल अजमानी, स्वामी दिव्यानंद सुनील बर्मन, महंत गोकुल दास ने इसमें बतौर विशिष्ट अतिथि हिस्सा लिया। दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का उद्घाटन किया। इसके बाद सतनारायण स्वामी व्यास जी के सान्निध्य में 351 कुंआरी कन्याओं ने सस्वर पाठ कर वातावरण को राममय बना दिया। अतिथियों का स्वागत कर अध्यक्ष विजय कुमार साहू ने कहा कि 1970 से लगातार यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में भी यह लगातार जारी रहेगा। उमंग साहू, विजय तिर्की, आशीष कुमार, संकेत, नीरज साहू,हरिशंकर शर्मा, पुरुषोत्तम, ऋषि, गोलू अनीश,राहुल, आयुष सहित मंदिर समिति के संरक्षक कैलाश केसरी,जगन्नाथ साहू, संजय साहू, कृपाशंकर महतो, अरुण केसरी इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं।

## देवी दर्शन धाम में स्थापित किये गये 1111 मंगल कलश



श्रीवैष्णवी शिव राम सेवा संस्थान गेतालातु की ओर से देवी दर्शन वैष्णो धाम में इस बार 14वां सामूहिक सहस्त्रधिक कलश स्थापना महोत्सव मनाया जा रहा है। सोमवार को सुबह आठ बजे पूजा-अर्चना और ध्वजारोहण से महोत्सव का शंखनाद हुआ। काशी से आये आचार्य सतीश चंद्र मिश्रा, मिथिला के विनय कुमार मुरलीधर व्यास, और स्थानीय पुजारी आचार्य विष्णु मिश्रा आदि के सान्निध्य में मुख्य यजमान डॉ रंजीत कुमार और उनकी पत्नी वंदना कुमारी आदि ने महायज्ञ को संपन्न कराने का संकल्प लिया गया। इसके बाद नेम-निष्ठा से 1111 कलश स्थापित किये गये। विद्वानों ने मां जगदम्बे की अराधना में श्रीचण्डी पाठा कर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। अब 11 दिनों तक नित्य पूजन-आरती और पाठ आदि का क्रमवार सिलसिला चलेगा। साथ ही भजन-संकीर्तन के साथ मनोहारी झांकी निकाली जायेगी। कथा प्रवचन होंगे। गरबा और डांडिया खेला जायेगा। बच्चों के बीच धर्मिक वेश-भूशा प्रतियोगिता आदि मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित की जायेगी। देवी-दर्शन महायज्ञ महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार सपत्नीक सभी संकल्पकर्ता श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को प्रथम दिन के पूजा में सहभागी होने के लिए धन्यवाद दिया।

## दुर्गोत्सव में युवा दस्ता संभालेगा कमान



रांची (आजाद सिपाही)। दुर्गोत्सव को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता पूरी तरह तैयार है। उक्त बातें मुख्य संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने कहीं। वे श्रीदुर्गा मंदिर, लेक रोड में सोमवार को हुई बैठक में सदस्यों का उत्सावर्धन कर रहे थे। कहा कि दस्ता इस बार 36वें वर्ष में और भी जोश के साथ पूजा के सफल आयोजन में खास भूमिका निभायेगा। सभी शहर के पंडालों में मुस्तैद रहकर विधि-व्यवस्था संभालने में प्रशासन का तो सहयोग करेंगे ही, साथ ही दर्शनार्थियों को भी हरसंभव सहयोग देंगे। उन्होंने दस्ता के नये सदस्यों को किये जाने वाले सेवा कार्यों से अवगत कराया। राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि सदस्य पंडालों का भ्रमण कर पूजा समितियों की समस्याओं से भी अवगत होंगे। शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मां के पजनोत्सव को संपन्न कराने में तन-मन और धन से समर्पित होकर योगदाने देने की जरुरत है। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार को दिन के दो बजे प्रेस क्लब में दस्ता की बैठक प्रशासनिक अधिकारियों संग होगी। इसमें दुर्गोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा। मौके पर युवा दस्ता के सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। अध्यक्षता मदन साहू और संचालन पीयूष आनंद ने किया। राकेश सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक संपन्न हुई। राजेश सिन्हा सनी, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, लंकेश सिंह, करण नायक, प्रकाश चंद्र सिन्हा, ज्योति शंकर साहू, दीपक कुमार, राजीव सिंह, टिंकू महतो, नवनीत पांडेय, नितेश कुजूर, कैलाश पारीक, अमन पासवान, समीर कच्छप, अतुल मिश्रा आदि बैठक में मुख्य रूप से शामिल थे।

## राधाकृष्ण मंदिर : श्रद्धा और विश्वास से तेरी ज्योत जलाऊं ...



राधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी में सुबह सात बजे पंडित ज्ञानदेव मिश्रा और रामचंद्र उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोचार के साथ मंगल कलश की स्थापना की। मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा हुई। इसके बाद पहले चंद्रभान तलेजा ने अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की। इनके बाद 11 भक्तों ने मां की अखंड ज्योत जगाया। फिर दुर्गा स्तुति पाठ प्रारंभ हुआ। रामचंद्र तलेजा, केसर पपनेजा, मनोहर लाल जसूजा संग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पाठ का सस्वर उच्चार कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूर्वाह्न आरती और प्रसाद वितरण के साथ उत्सव के पहले दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर कमिटी की ओर से मां का विशेष श्रृंगार किया गया। सज दरबार मां की मनोहारी प्रतिमा देखते ही बन रही है। सांझ ढलते रंग-बिरंगी लाइटों से मंदिर जगमग हो गया। मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि एक अक्तूबर तक नित्य सुबह पूजा-अर्चना के साथ सामूहिक पाठ का कार्यक्रम चलेगा। इस बीच महाअष्टमी 30 सितंबर मंगलवार को रात्रि नौ बजे से 1008 ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी। श्रीदुर्गा जागरण मंडली और मां भवानी ज्योत सेवा मंडल के भजन गायक भक्ति गीतों की सरिता बहायेंगे। दो अक्तूबर दशमी के दिन सुबह दस बजे से हवन और ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम होगा। कमेटी के प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा मनोहर लाल जसुजा, रामचंद्र तलेजा,चंद्रभान तलेजा, सुनील कटारिया, चंदन सिडानाकेसर पपनेजा, हरीश अरोड़ा, सुशील गेरा, निखिल घेई, हरीश मनुजा, किशोरी मुंजाल, चंद्रभान पपनेजा, गौरी शंकर मादनपोत्रा, किशोरी पपनेजा, मनोज किंगर, रौनक मिड्ढा, पंकज गखड़, महेश कुक्कड़, देवराज मनुजा, ललित किंगर, विशाल अरोड़ा जिमी अरोड़ा मनीष, मुंजाल कमल घेई आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति का दुर्गोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति रांची की ओर से सोमवार को डोरंडा में 62वें दुर्गोत्सव का आगाज भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ।

शारदीय नवरात्र की पावन बेला में सुबह नौ बजे समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, संरक्षक कपिल देव सिंह, अध्यक्ष गौतम दुबे गोपी, सचिव रितेश सिंह और मनोज सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा नेपाल हाउस, राजेंद्र चौक होते हुए बटम तालाब पहुंची। वहां से श्रद्धालुओं ने पवित्र जल भरकर संकल्प किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर परिसर में कलश स्थापना संपन्न की। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने कहा कि छप्पन सेट दुर्गा पूजा केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। 62 वर्षों से यह पूजा नयी पीढ़ी को संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

समिति के अध्यक्ष गौतम दुबे ने जानकारी दी कि इस बार पूजा पंडाल विशेष थीम पर सजा है। विद्युत सज्जा, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगे। भव्य कलश शोभायात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश और नारियल उठाकर हिस्सा लिया, वहीं बच्चे और युवा ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बनाते रहे। भीड़ उमड़ने से पूरा इलाका आस्था के रंग में रंग गया। कलश यात्रा में गुड़िया सिंह, शोभा सिंह, छाया अंबष्ट, पुष्पांजलि सिंह, निशा कुमारी, मनोज सिंह, मेंहुल दुबे, विकास कुमार, अभिषेक कुमार, गोपाल तिवारी, उदय मिश्रा, कमलेश झा, सुदेश यादव, विजय गुप्ता, अश्विनी कुमार, दिलीप पांडेय, दीपक ठाकुर, अजय थापा, नवनीत कुमार, विवेक सिंह, शशिकांत, किशोर कुमार, रोहित कुमार सहित अन्य भक्त शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**राची।** अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस एवं सांस्कृतिक समारोह के अवसर पर रविवार को रांची स्थित आड्रे हाउस में झारखंड एसोसिएशन ऑफ डेफ के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड, बिहार और ओड़िशा से बड़ी संख्या में बधिर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का रंगारंग प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सांकेतिक भाषा के महत्व और उसके विस्तार पर चर्चा करना ही नहीं था, बल्कि बधिर समुदाय की कला, संस्कृति और विविध प्रतिभाओं को समाज के सामने प्रस्तुत करना भी था। वक्ताओं ने कहा कि सांकेतिक भाषा बधिर समुदाय के लिए संवाद और संचार का मुख्य माध्यम है। यह उनकी शिक्षा, पहचान, संस्कृति और सामाजिक भागीदारी की आधारशिला है। साथ ही वक्ताओं ने यह भी रेखांकित किया कि सांकेतिक भाषा का प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक है ताकि बधिर समुदाय समाज की मुख्यधारा में समान अवसरों के साथ सम्मिलित हो सके। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 23 सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है ताकि वैश्विक स्तर पर सांकेतिक भाषा के महत्व को मान्यता मिले और बधिर समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी एवं पैरा ओलंपिक समिति ऑफ झारखंड के अध्यक्ष जटाशंकर चौधरी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सूर्यमणि प्रसाद, दशरथ कश्यप, कृष्णानंद गुप्ता, विजय मेवाड़, नंद किशोर साहू, दिलीप कुमार पटेल, अलीम, अजीत कुमार भी शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड एसोसिएशन ऑफ डेफ के उपाध्यक्ष मिंटू कुमार सिंह ने की। सफल संचालन झारखंड एसोसिएशन ऑफ डेफ के सचिव रंजीत कुमार एवं कार्यक्रम के योजना प्रबंधन तथा मंच संचालन रीमा साहू के द्वारा किया गया।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकली प्रभातफेरी, भक्ति गीतों की लगी रही लड़ी

### पूजन-हवन के साथ सम्मानित किये गये प्रतिभावान

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** अग्रवाल सभा की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनायी गयी। अहले सुबह भव्य रूप में प्रभातफेरी निकाली गयी। गाजे-बजे और धर्म ध्वज के साथ बड़ी संख्या में अग्रवाल समुदाय के लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते,जयकारा लगाते राजस्थानीय वेश-भूषा में महिला-पुरुष और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महाराजा अग्रसेन के अनुयायी बंशीधर अडूकिया रोड, बड़ा लाल स्ट्रीट, साबू रिक्शा चौक, जैन मंदिर रोड, शहीद चौक, सुभाष चौक, कुंजलाल स्ट्रीट, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नॉर्थ मार्केट रोड, ईस्ट गोला रोड, कोर्ट सराय रोड का भ्रमण कर वापस अग्रसेन भवन लौटे। इसके बाद कुलदेवी पूजन-हवन और प्रसाद वितरण का सिलसिला दोपहर बाद तक चला। दिन के तीन बजे 49वें वार्षिकोत्सव सह जयंती समारोह सभा हुई। इसमें साईनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एसपी अग्रवाल मुख्य अतिथि और समाजसेवी प्रवीण लोहिया ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में हिस्सा लिया। प्रतिभा प्रोत्साहन, सम्मान और पुरस्कार वितरण आदि कार्यक्रम हुए। बोर्ड परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले और प्रोफेशनल डिग्री पाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही विविध प्रतियोगिता हुई, जिसमें समाज के दो सौ बच्चे पुरस्कृत किये गये। शाम छह बजे बबीता नर्सरिया जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों और महिलाओं ने मनमोहक प्रस्तुति से अपनी कलाकारी का लोहा मनवाया। शाम सात बजे सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**आकर्षक झांकी ने मोहा मन**

समाज के गौरवशाली इतिहास को दर्शाती झांकियों के साथ नाचते-झूमते युवाओं की टोलियां के क्या कहने। एक ईंट, एक रुपया नीति, समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता के मूल्यों को जीवंत करती महाराजा अग्रसेन जी की मनोहारी झांकी रास्ते भर मन मोहती रही। भजन के गायकों ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर सब को झुमाया।

**पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और व्यवसायी संगठनों की ओर से शिविर लगा कर महाराजा अग्रसेन और प्रभातफेरी में शामिल लोगों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

**ये हुए शामिल :** अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, भागचंद पोद्दार, गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, डॉ ओमप्रकाश प्रणव, रतन बंका, कमल कुमार केडिया, विनोद कुमार जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, अनिल अग्रवाल, अशोक नारसरिया, चंडी प्रसाद डालमिया, राजेंद्र केडिया, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश बजाज, संजय सर्राफ, निर्मल बुधिया, रौनक झुनझुनवाला, विशाल पाड़िया, नरेश बंका, रमाशंकर बगड़िया, विजय खोवाल, विनोद टिंबडेवाल, राजकुमार मित्तल, शिवभाव सिंह, अशोक लाठ, सुनील पोद्दार, प्रमोद बगड़िया, आकाश गोयल, अजय डीडवानिया, विकास अग्रवाल, संकेत चौधरी, अनिल कुमार अग्रवाल, भरत बगड़िया,किशन पोद्दार, रूपा अग्रवाल, मधु सर्राफ, रीना सुरेखा विनीता सिंघानिया, सीमा टांटिया, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, सीमा पोद्दार, उर्मिला पाड़िया आदि प्रभातफेरी में हुए शामिल।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अजय राय फिर बने झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की राज्य स्तरीय बैठक में सोमवार को सर्वसम्मति से प्रदेश कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुनः अजय राय को आगामी दो वर्षों (2025-2027) के लिए संघ का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन के विस्तार और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर नयी कार्यसमिति का गठन किया गया। प्रेस क्लब रांची में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के उपरांत श्री अजय राय ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व और संकल्प दोनों है। झारखंड ऊर्जा विकास निगम के मेहनतकश कर्मियों की आवाज बुलंद करना और उनके अधिकार सुरक्षित करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर नयी कार्यसमिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्षः अजय राय, उपाध्यक्ष : दिवाकर मिश्रा, फलेश्वर महली, मो. रजी, उदय मिश्रा, मन्नू भगवान मिश्रा, उदय यादव। प्रधान महासचिव : अमित कुमार कश्यप, महामंत्रीः अमित शुक्ला, कुणाल कुमार सिंह, संगठन मंत्री : विकास कुमार, पवन तिवारी, मुकेश साहू, प्रिंस कुमार,संयुक्त सचिव : उत्पल दास, आशीष दास, आनंद प्रमाणिक, मो. शमी, सुभाष ठाकुर, सुरेंद्र कुमार, कार्यसमिति सदस्य : सुरेश इंदवार, जलील अंसारी, नीलकमल गौतम, जितेंद्र दुबे, राजीव कुमार शुक्ला, दिलीप शर्मा, विद्यासागर, ऋषि कुमार, शाश्वत कुमार, सुनील कुमार, धर्मेंद्र पांडे, गौतम कुमार, वसीर अंसारी, प्रकाश कुमार, मो. अनवर, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ : विजय कुमार सिंह, यूसुफ खान शामिल हैं।

### सांसद खेल महोत्सव में हिंदू महापरिवार ने भाग लिया




रांची (आजाद सिपाही)। सांसद खेल महोत्सव द्वारा सैक्लोथॉन का आयोजन किया गया जिसमें हिंदू महापरिवार के अध्यक्ष राजेश आयान और सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़ -चढ़ के भाग लिया। कार्यक्रम में पूरे रांची के युवा ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने नमो रेस और साइक्लोथॉन में भाग लिया। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत ये कार्यक्रम किया जा रहा है, फिट इंडिया स्वस्थ भारत मिशन है। कार्यक्रम ने उपस्थित सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और टी शर्ट प्रदान की। हिंदू महापरिवार के अध्यक्ष राजेश अयान ने कहा, इस तरह का कार्यक्रम का पहल समाज और युवाओं को जोड़ा जाता है, उन्हें नशा से मुक्ति के लिए प्रेरित किया जाता है।

### रोटरी क्लब आफ रांची नॉर्थ ने महर्षि सेवा केंद्र में किया पौधा वितरण




रांची (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब आफ रांची नॉर्थ ने अपने ग्रीनरी प्रोग्राम के तहत महर्षि सेवा केंद्र, चुटिया में लगभग 200 पौधों का वितरण किया. इस अवसर पर क्लब सदस्य हेजल डेविस, पूर्व अध्यक्ष समीर चंद्रा, निहार दास, नकुल रिचर्ड और राजीव कुमार, अरुण कुमार उपस्थित थे। इस पहल के माध्यम से रोटरी क्लब ने पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और भविष्य में भी इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब आफ रांची नॉर्थ का यह प्रयास न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करेगा, बल्कि समाज में हरित संस्कृति को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। क्लब की यह पहल आने वाले समय में और भी व्यापक रूप से समाज को जोड़ने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी।

### पहाड़ी मंदिर महाकाल में विशेष अनुष्ठान



रांची (आजाद सिपाही)। पहाड़ी मंदिर के आधार तल पर महाकाल मंदिर में शारदीय नवरात्र पर सोमवार को शाम में विशेष अनुष्ठान हुए। भोले की फौज की ओर से शिवालय में विराजमान महाकाल का उज्जैन की तर्ज पर आशीष मुद्रा में देवी भगवती स्वरूप के तौर पर श्रृंगार किया गया। शिव भक्त कलाकारों की टीम में शामिल रौनक सिंह, पीयूष, रितेश, अभय, अंकित, आशुतोष, विकास यादव, हिमांशु ने महाकाल का देवी भगवती रूप प्रस्तुत किया। इस मौके पर शिव भक्त अभिषेक यादव, कृष्ण केशव, राजेश यादव ने भजन प्रस्तुत कर मां के दरबार में हाजिरी लगायी। संगठन की ओर से पहाड़ी मंदिर परिसर में मां काली एवं दुर्गा के मंदिर में कलश स्थापना के साथ नवरात्र महोत्सव आरंभ हुआ। रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सह सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार की ओर से सभी शिव भक्त एवं शहरवासियों को शारदीय नवरात्र पर शुभकामना दी है। विशेष श्रृंगार, भजन व पूजा आयोजन में कमेटी के कोषाध्यक्ष कन्हैया कृष्णा, आनंद गाड़ोदिया, जितेंद्र कुमार पहलवान, राजकुमार शर्मा, सौरभ चौधरी, राहुल तिवारी, रौनक सिंह, विकास यादव एवं पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों समेत श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह समारोह

रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय ने सोमवार को बड़े उत्साह के साथ फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह मनाया। इस कार्यक्रम की शुरूआत रामजी यादव अध्यक्ष वाइबीएन विश्वविद्यालय, प्रो. (डॉ.) सत्यदेव पोद्दार कुलपति और डॉ. अर्पणा शर्मा अकादमिक संकायाध्यक्ष सहित विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. (डॉ.) सत्यदेव पोद्दार कुलपति, वाइबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्षीय भाषण से हुई। इसके बाद प्रो. डॉ आशीष सरकार डीन, फार्मेसी स्कूल ने विषय परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन मानसी नैथानी और दीक्षा भारती ने शानदार ढंग से किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# अवैध डीजीपी के संरक्षण में लुटेरे दे रहे घटनाओं को अंजाम : बाबूलाल

आजाद सिपाही सिपाही



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के अवैध डीजीपी के इशारे पर राज्य को लूटने वाले कई अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। मरांडी ने कहा कि समाचारों से पता चल रहा है कि फिलहाल जमानत पर बाहर रामगढ़ पुलिस का वांटेड राजेश राम डीजीपी के कार्यालय में लगातार आता-जाता रहा, लेकिन पुलिस ने उसे कभी गिरफ्तार ही नहीं किया। पहली बार जब राजेश राम गिरफ्तार हुआ था, उसके बाद इंस्पेक्टर गणेश सिंह ने भुरकुंडा थाना प्रभारी से बात की थी। यह शायद वही गणेश हैं जिन्हें डीजीपी का वरदहस्त प्राप्त है, या यूं कहें तो डीजीपी के अवैध संसाधन संग्रहकर्ताओं की टीम के प्रमुख सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि एक वायरल ऑडियो के मुताबिक पुलिस मुख्यालय में तैनात, अवैध डीजीपी अनुराग गुप्ता के करीबी माना जाने वाला सिपाही रंजीत राणा ने ओड़िशा के उसी कारोबारी से संपर्क करने का प्रयास किया, जिससे राजेश राम ने कथित रूप से 65 लाख रुपये की वसूली की। उन्होंने कहा कि उपरोक्त बातें सभी को कोई फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा दिखायी देता होगा, लेकिन यह हकीकत है। झारखंड को लूटकर खोखला करने की हकीकत राजेश, गणेश, राणा, दीपक जैसे कई और महारथी तो इस महालूट के किरदार मात्र हैं, जो डीजीपी के इशारे पर अपने-अपने हिस्से के गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम को मेरे 1 मई 2025 का यह ट्वीट संज्ञान में होगा। अगर भूल गये हों तो फिर से देख लें फिर यह बतायें कि-इन अवैध वसूलियों में उनकी कितनी हिस्सेदारी है? उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में समय पर चार्जशीट न कर छत्तीसगढ़ से लेकर एनसीआर दिल्ली तक जिन धनपशु माफियाओं को जमानत दिलवायी गयी उसमें सौ करोड़ से भी ज्यादा का वारा न्यारा होने की चर्चा है। उन्होंने कहा कि ये राणा और गणेश जैसे कई लोगों के कार्यकलाप को जब उन्होंने पहले भी मुख्यमंत्री के संज्ञान और सोशल मीडिया में भी लाया था? उन्होंने कहा कि आज से करीब 30 साल पहले जब तकनीक विकसित नहीं हुई थी, तब भी जांच एजेंसियों ने चारा घोटाले का पदार्फाश कर घोटालेबाजों को कड़ी सजा दिलाने का काम किया था। अब तो तकनीक काफी आगे जा चुकी है। भले ही थोड़ा वक्त लगे लेकिन इन महाघोटालों के लिये देर सबेर आप पकड़े जायेंगे और सजा भी होगी। लालू प्रसाद जी को ही देख लीजिये। बीस साल लगे जरूर लेकिन सजा तो हुई ही। बबूल का पेड़ लगा रहे हैं तो कांटे भी तो आपको ही चुभेंगे न। उन्होंने कहा कि झारखंड को लूटने का और सबूत मिटाने का जितना भी षड्यंत्र कर लें, लेकिन जांच एजेंसियां किसी को बख्शने वाली नहीं है।

# भाजपा नेता जनादेश से बनी सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा नेताओं बाबूलाल मरांडी और अन्य के बयानों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष हेमंत सोरेन सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से बौखला कर झूठ और अफवाहों का सहारा ले रहा है। उन्होंने कहा कि मरांडी जिस तरह लूट और घोटाले के मनगढ़ंत किस्से गढ़कर मुख्यमंत्री और पुलिस महकमे को बदनाम करने का स्वांग रच रहे हैं, वह लोकतांत्रिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। विनोद पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शिता और जवाबदेही की मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमेशा कहा है कि अगर किसी के पास कोई ठोस सबूत है तो वह उसे जांच एजेंसियों को सौंपे। लेकिन भाजपा के पास तथ्यों का अभाव है, इसलिए वह केवल प्रेस बयान और सोशल मीडिया पोस्ट के सहारे जनता को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं का उद्देश्य भ्रष्टाचार की जांच नहीं, बल्कि जनादेश से बनी सरकार की स्थिरता को नुकसान पहुंचाना है। मरांडी जिस तरह अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम लेकर अनर्गल बयान दे रहे हैं, वह प्रशासनिक व्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास है। राज्य सरकार कानून के शासन में विश्वास रखती है और हर शिकायत का संज्ञान उचित मंच पर लिया जाता है। बच्चों के पोषण को लेकर लगाये गये आरोपों पर विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड में कुपोषण जैसी ऐतिहासिक समस्या भाजपा के लंबे शासनकाल की देन है। हेमंत सरकार ने पोषण अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों के आधुनिकीकरण और पोषण आहार बजट बढ़ाने जैसे ठोस कदम उठाये हैं। कोविड और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय नियमित करने और गर्भवती महिलाओं-बच्चों के लिए पोषण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को लागू करने का काम इस सरकार ने किया है। विनोद पांडेय ने दो टूक कहा कि भाजपा नेताओं को झूठे आरोपों के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिये। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास और सामाजिक न्याय के नये मानक स्थापित कर रहा है। आदिवासी, दलित, किसान, पिछड़ा वर्ग, महिला और युवा सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं तेजी से लागू हो रही हैं। भाजपा को यह स्वीकार करना चाहिए कि झारखंड अब घोटालों के अंधकार से निकलकर पारदर्शी शासन के उजाले की ओर बहुत आगे बढ़ चुका है।

## ब्रह्मचारिणी



माँ दुर्गा के दूसरे रूप का नाम है माँ ब्रह्मचारिणी। वह जिसका कोई आदि या अंत न हो, वह जो सर्वव्याप्त, सर्वश्रेष्ठ है और जिसके परे कुछ भी नहीं। जब आप आँखे बंद कर के ध्यानमग्न होते हैं तब अनुभव करते हैं कि ऊर्जा अपनी चरम सीमा या शिखर पर पहुँच जाती है। तब वह देवी माँ के साथ एक हो गई है और उसी में ही लिप्त हो गई है। दिव्यता, ईश्वर आपके भीतर ही है, कहीं बाहर नहीं। आप यह नहीं कह सकते कि ह्लमैं इसे जानता हूँह्व, क्योंकि यह असीम है; जिस क्षण ह्यआप जान जाते हैंह्व, यह सीमित बन जाता है। और आप यह नहीं कह सकते कि ह्लमैं इसे नहीं जानताह्व, क्योंकि यह वहीं है झ्र तो आप कैसे नहीं जानते? क्या आप कह सकते हैं कि ह्लमैं अपने हाथ को नहीं जानता।ह्व आपका हाथ तो वहाँ है, है न? इसलिए, आप इसे जानते हैं। और साथ ही में यह अनंत है अतः आप इसे नहीं जानते। यह दोनों अभिव्यक्ति एक साथ चलती हैं। अगर कोई आपसे पूछे कि ह्लक्या आप देवी माँ को जानते हैं?ह्व तब आपको चुप रहना होगा क्योंकि अगर आपका उत्तर है कि ह्लमैं नहीं जानताह्व तब यह असत्य होगा और अगर आपका उत्तर है कि ह्लहाँ मैं जानता हूँह्व तो तब आप अपनी सीमित बुद्धि से उस ह्यजाननेह्ल को सीमा में बाँध रहे हैं। यह (देवी माँ) असीमित, अनन्त हैं जिसे न तो समझा जा सकता है न ही किसी सीमा में बाँध कर रखा जा सकता है। ह्यजाननेह्ल का अर्थ है कि आप उसको सीमा में बाँध रहे हैं। क्या आप अनन्त को किसी सीमा में बाँध कर रख सकते हैं? अगर आप ऐसा कर सकते हैं तो फिर वह अनन्त नहीं। ब्रह्मचारिणी का अर्थ है वह जो असीम, अनन्त में विद्यमान, गतिमान है। एक ऊर्जा जो न तो जड़ न ही निष्क्रिय है, किन्तु वह जो अनन्त में विचरण करती है। यह बात समझना अति महत्वपूर्ण है झ्र एक है गतिमान होना, दूसरा विद्यमान होना। यही ब्रह्मचर्य का अर्थ है। इसका अर्थ यह भी है कि तुच्छता और निम्नता में न रहना अपितु पूर्णता से रहना। कौमार्यावस्था ब्रह्मचर्य का पर्यायवाची है क्योंकि उसमें आप एक सम्पूर्णता के समक्ष हैं। वासना हमेशा सीमित बँटी हुई होती है, और चेतना का मात्र सीमित क्षेत्र में संचार होता है। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी सर्वव्यापक चेतना है।

### माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा में कौन से मन्त्र का जाप करें?

*ॐ ऐं ह्रीं क्लीं ब्रह्मचारिण्यै नमः मन्त्र के जप से आप माँ दुर्गा के दूसरे स्वरुप माँ ब्रह्मचारिणी का आवाहन कर सकते हैं।*

## महत्वपूर्ण खबरें

### हाजीपुर में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयुक्त बैठक




हाजीपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में सोमवार को क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84 वीं संयुक्त बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि मुख्यालय, हाजीपुर 'क' क्षेत्र में है और यहां सभी हिंदी जानते हैं। पूर्व मध्य रेल पर राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है। इस तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उनके द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चलशील्ड प्रशासन विभाग को प्रदान किया गया। यह शील्ड वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज कुमार ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया और सभी को निर्देश दिया कि वे अपना ज्यादातर कार्य हिंदी में ही करें। अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय रेल का राष्ट्रीय महत्व है। उन्होंने बताया कि जो हिंदीत्तर-भाषी हैं उन्होंने राष्ट्रभाषा की ज्यादा सेवा की है। केरल से लेकर दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में हिंदी के विकास और प्रचार-प्रसार में रेल का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर विजय कुमार, केशव त्रिपाठी अनिल कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### रांची रेल मंडल में राजभाषा पखवाड़ा शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। रेल मंडल में राजभाषा पखवाड़ा 2025 का आयोजन 22 सितंबर से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक करुणा निधि सिंह द्वारा मंडल कार्यालय के प्रांगण में राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रयोग प्रसार के लिए उपस्थित रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा का संकल्प कराया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडल के कर्मचारियों के लिए राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों और स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इनमें निबंध प्रतियोगिता, वाक प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण और प्रारूप लेखन प्रतियोगिता आदि है। राजभाषा प्रतिज्ञा के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजू तिर्की, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विनोद कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता राजीव रंजन सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### राकेश गुप्ता माहुरी वैश्य नवयुवक संघ के अध्यक्ष बने



रांची (आजाद सिपाही)। माहुरी वैश्य नवयुवक संघ की कार्यसमिति बैठक में अध्यक्ष पद का चुनाव वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ। इस चुनाव में राकेश गुप्ता ने 10 वोटों से शानदार जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने का गौरव प्राप्त किया। कार्यसमिति के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नयी कार्यसमिति में अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सचिव सुनील भदानी, कोषाध्यक्ष हर्षित भदानी, उपाध्यक्ष प्रणव गुप्ता, उपाध्यक्ष अनूप भदानी, सहसचिव आशुतोष भदानी, सह कोषाध्यक्ष सतीश कैप्सी में, संगठन मंत्री गौरव भदानी, कार्यसमिति सदस्य जुगल किशोर, नीतीश भदानी, पवन वैश्यकियार, पंकज चरण पहाड़ी, इशांत भदानी, प्रियांशु लोहानी को चुना गया। माहुरी वैश्य नवयुवक संघ परिवार की ओर से सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी। इस कार्यक्रम में अरुण कुटरियार, कौशिक भदानी, प्रणव गुप्ता, प्रतीक भदानी, गौरव भदानी, अनूप भदानी, सतीश चंद्रा, हर्षित भदानी, आशुतोष भदानी, पवन वैश्यकियार, पंकज प्रकाश सुनील भदानी सहित अन्य मौजूद थे।

# सरस आजीविका मेले में झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों ने विशेष पहचान बनायी, राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा पुरस्कार मिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नयी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 5 से 22 सितंबर तक आयोजित सरस आजीविका मेले में झारखंड की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी उद्यमशीलता और पारंपरिक कला से एक विशिष्ट पहचान बनायी। पलाश और आदिवा ब्रांड के सात स्टॉलों के माध्यम से इन महिलाओं ने 25 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया। झारखंड के व्यंजनों का स्वाद भी काफी सराहा गया, जिसके लिए राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ट्वीट कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की और झारखंड के हस्तनिर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक व्यंजनों ने जीता दिल सरस मेले में झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों ने विशेष पहचान बनायी। सखी मंडल की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये धुस्का, दाल पीठा और घुगनी ने दिल्लीवासियों का दिल जीत लिया। इन व्यंजनों की लोकप्रियता से महिलाओं ने 3 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया। मेले के अंतिम दिन झारखंड को लाइव फूड श्रेणी में तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पलाश ब्रांड का शानदार प्रदर्शन झारखंड की महिलाओं के अपने ब्रांड, पलाश का सरस आजीविका मेले में शानदार प्रदर्शन रहा। पलाश के अंतर्गत उपलब्ध खाद्य उत्पाद, जैसे रागी लड्डू, शुद्ध शहद, काले गेहूं का आटा और अरहर दाल, तथा गैर-खाद्य उत्पाद, जैसे साबुन और लेमन ग्रास ऑयल, दिल्लीवासियों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। पूरे मेले के दौरान इन उत्पादों की कुल बिक्री 25 लाख रुपये से अधिक रही, जो ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, हुनर और लगन का प्रतीक है।

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सरस आजीविका मेले का दौरा कर महिलाओं के स्टॉलों पर पलाश ब्रांड के उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इन ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और हुनर सराहनीय है और उन्हें राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला और उत्पाद प्रदर्शित करने का पूरा अवसर मिलना चाहिये। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी कला को और विकसित करने के लिए झारखंड सरकार द्वारा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया। गोड्डा की सोनी देवी ने दिखाया हुनर गोड्डा जिले की सोनी देवी को पहली बार दिल्ली के सरस मेले में जाने का मौका मिला। सखी मंडल से जुड़कर अपने गांव में तसर सिल्क की साड़ियां, सूट पीस और दुपट्टे तैयार करने वाली सोनी देवी ने मेले में लगभग 3 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया। उन्होंने बताया कि मेले ने उन्हें सिर्फ बिक्री का अवसर ही नहीं दिया, बल्कि अन्य राज्यों की महिलाओं से सीखने और अनुभव साझा करने का भी मौका प्रदान किया। आदिवा ब्रांड के आभूषण बने आकर्षण का केंद्र ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाये गये पारंपरिक आभूषणों को पहचान देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में आदिवा ब्रांड की शुरूआत 2021 में की गयी थी। इस ब्रांड को राष्ट्रीय पटल पर ले जाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने हर संभव प्रयास किया। इसी कड़ी में, सरस आजीविका मेले में आदिवा ज्वेलरी का प्रदर्शनी-सह-बिक्री स्टॉल लगाया गया। मेले में आदिवा के गहनों की चमक आकर्षण का केंद्र बनी रही।

## नव चेतना संघ ट्रस्ट की ओर से डांडिया उत्सव का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** नव चेतना संघ ट्रस्ट की ओर से रांची के ग्रीन होराइजन होटल में डांडिया उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुरुआत दीप प्रज्जवलन गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शंकर दुबे, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, हिंदू महापरिवार के अध्यक्ष राजेश आयान कार्यकारी अध्यक्ष संदीप गुप्ता, अभय तिवारी, अध्यक्ष स्वेता सिंह ने किया। महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष स्वेता सिंह, राजेश आयान, शंकर दुबे, संदीप गुप्ता आनंद कुमार साही, पिंटू दुबे, यशवंत, सुबोध पाठक, दीपक, अभय तिवारी, नम्रता सोनी, शंकर दुबे, दितिया घोष, बिंदु सिंह, आराधना सिंह, सुप्रिया सिंह, श्वेता सिंह, डॉली जयसवाल, नम्रता सोनी, नेहा शर्मा, कुमुद पांडे, ज्योति सिंहा, सुनीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थीं।

## सेंट जेवियर्स कॉलेज में 25 से रांची विवि इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सेंट जेवियर्स कॉलेज में होगा। 25 सितंबर से 27 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत और संबद्धता प्राप्त कॉलेजों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का समापन फाइनल मुकाबले के साथ 27 सितंबर को होगा। आयोजन सचिव राम मुर्मू ने बताया कि प्रतियोगिता के मुकाबले कॉलेज ग्राउंड में होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन का मकसद केवल खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।

## भारतीय रेलवे ने शुरू की समयबद्ध कार्गो सेवाएं

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेलवे ने माल परिवहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब समय-सारणी आधारित, वस्तु-विशेष कार्गो सेवाएं शुरू की गयी हैं इन सेवाओं का उद्देश्य ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाना, भरोसेमंद ट्रांज़िट समय सुनिश्चित करना और उद्योग-आधारित लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करना है।

**नयी सेवाओं में अन्नपूर्णा सेवा:** लुधियाना से वाराणसी तक, 704 किमी, खाद्य अनाज का 17 घंटे में परिवहन।

**गति-वाहन सेवा:** फर्रुख नगर (हरियाणा) से लखनऊ तक, 557 किमी, ऑटोमोबाइल्स का 28 घंटे में परिवहन, पहले 70 घंटे लगते थे।

**निर्यात कार्गो सेवा:** गढ़ी से मुंद्रा पोर्ट तक, 1061 किमी, कंटेनर का 32 घंटे में परिवहन।

**अनंतनाग सीमेंट कार्गो सेवा:** रूपनगर से अनंतनाग, 586 किमी, सीमेंट का 31 घंटे में परिवहन। इन सेवाओं की योजना बनाने में एफसीआइ, ऑटोमोबाइल ऑपरेटर, कंटेनर ट्रेन ऑपरेटर और पड़ोसी रेलवे जोन सहित सभी फ्रेट स्टेकहोल्डर्स के साथ व्यापक समन्वय किया गया। प्रारंभ में ये सेवाएं परीक्षण के रूप में थीं, लेकिन अब कुशल रूप से संचालित हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

उप एफए और सीएओ (टी एंड एस), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए निम्नलिखित निविदा के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **एनआईटी संख्या सीसी/एसईआर/कैशपिकअप/2025/1 दिनांक 19.09.2025; कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर, रांची मंडल तथा गार्डन रीच स्थित कुल 307 स्टेशनों से नकद राशि एवं उपकरण (इंस्ट्रूमेंट्स) का संग्रहण कर उन्हें पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं ओडिशा राज्यों में स्थित फैले एफए और सीएओ/एस ई रेलवे/जीआरसी के खाते में दो साल की अवधि के लिए जमा कराना; **विज्ञापित मूल्य:** ₹14,27,84,604.72; **बयाना राशि:** ₹ 8,63,900.00; **निविदा का प्रकार:** खुली; **निविदा दस्तावेज:** 10,000.00; निविदा बंद होने की तिथि और समय: 25.10.2025 को 12.00 बजे। उपरोक्त निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
(PR-646)

# बिहार की नयी रफ्तार है अमृत भारत एक्सप्रेस

## अमृत भारत एक्सप्रेस से बिहार की गतिशीलता को मिला नया आयाम



एके चंद्रा

**हाजीपुर।** अमृत भारत एक्सप्रेस सिर्फ ट्रेन नहीं, बल्कि एक नये और आत्मविश्वासी बिहार की पहचान है। दशकों से बिहार की कहानी निरंतर आवाजाही की रही है। परीक्षाओं के लिए निकलते छात्र, काम पर जाने वाले मजदूर, धार्मिक या पारिवारिक आयोजनों में शामिल होने वाले परिवार। ट्रेनें इन यात्राओं का सहारा थीं, लेकिन अधिकतर समय भीड़भाड़ वाले डिब्बों, धीमी कनेक्टिविटी और लंबी कतारों हमेशा साथ थीं।

अब यह तस्वीर बदल रही है। अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार को भारत की रेल क्रांति के केंद्र में ला रही है। यह सचमुच जनता की ट्रेन है। जिसका किराया मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर है, लेकिन आराम और सुरक्षा कहीं बेहतर। डिब्बे और सीटें नयी व आरामदायक हैं, साफ-सुथरे बायो-वैक्यूम टॉयलेट, चार्जिंग प्वाइंट और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित। लंबी दूरी की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पैंट्री कार भी मौजूद है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अमृतसर या बेंगलुरु जाने वाले रोजमर्रा के बिहारवासियों के लिए यह यह ट्रेन सम्मानजनक, किफायती और भरोसेमंद अनुभव देती है। प्रीमियम ट्रेनों के मुकाबले जो कई लोगों की पहुंच से बाहर हैं, अमृत भारत सचमुच आम जनता की ट्रेन है। यह हर यात्री की जेब के अनुकूल है। जो दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों की यात्रा को आधुनिक स्पर्श देती है। किफायती आधुनिकता: स्लीपर क्लास का किराया पुराने मेल ट्रेनों से थोड़ा ही ज्यादा है, लेकिन आराम कई गुना बेहतर है।

**बेहतर अनुभव:** यात्री सुगम यात्रा, आरामदायक सीटिंग, आधुनिक बायो-वैक्यूम शौचालय और सुविधाजनक चार्जिंग प्वॉइंट्स का लाभ उठाते हैं।

**सुरक्षा और सुविधा:** ट्रेनें उन्नत सुरक्षा प्रणालियों और पैंट्री कार से लैस हैं, जो सुरक्षित और आरामदायक सफर सुनिश्चित करती हैं। बिहार के लोगों के लिए यह नयी सेवा गर्व का विषय है, क्योंकि यह किफायत और आधुनिक यात्रा को जोड़ती है।

### बिहार: राष्ट्रीय रेल नेटवर्क का केंद्र

बिहार केवल भागीदार नहीं है, वह नेतृत्व कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुई पहली 14 अमृत भारत सेवाओं में से 10 बिहार से जुड़ी हैं। यह राज्य की केंद्रीय भूमिका का सबूत है। पटना, दरभंगा, सहरसा, सीतामढ़ी, गया और मोतिहारी जैसे शहर अब बड़े व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्रों से और मजबूत जुड़ाव में हैं। जोगबनी से इ-रोड तक की ट्रेन इसका उदाहरण है- 3,129 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई यह ट्रेन बिहार के उत्तर-पूर्वी कोने से तमिलनाडु के औद्योगिक इलाके तक पहुँचती है। यह सिर्फ एक रेल मार्ग नहीं, बल्कि मजदूरों, छात्रों और परिवारों के लिए अवसरों का पुल है। अमृत भारत एक्सप्रेस का प्रभाव केवल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं है; यह पूरे राज्य की अर्थव्यवस्था में नयी ऊर्जा का संचार कर रही है।

*आइआरएसएमइ (सेवानिवृत्त) पूर्व प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्तर रेलवे), पूर्व प्रधान कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड।*

AFFIDAVIT

As Per Affidavit Ref. No.: 8363, Dated: 15/09/2025. I, BIBHA DEVI, W/o- Birendra Singh, aged about 41 years, Nationality -Indian, by Faith Hindu, R/o Viliage- C.C.L. Saunda, Saunda 'C', P.S.- Patratu, District- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That my actual and correct name is "BIBHA DEVI" which is mentioned in my Aadhaar Card No.- 7614 4375 1738. 2. That my name has been wrongly mentioned as "BIBHA SINGH in Kishan Vikash Patta Account No-370 and 371 and Indian Post Saving bank passbook Account No-370, P.O.-Saunda 'C'. 3. That BIBHA DEVI and BIBHA SINGH both are same and single lady who is myself. 4. That this affidavit is knowledge of concerning authority. 5. That all the contents are true and correct.

# विदेश नीतियों में चुनौतियां

अमेरिका ने एच-1बी वीजा की फीस में अचानक 50 गुना इजाफा करने का जो फैसला किया है, उसकी मार सबसे ज्यादा भारतीयों पर ही पड़ने वाली है, लेकिन यह अपने आप में ऐसी कोई इकलौती घटना नहीं है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई, जो भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौती की तरह आयी हैं।

**टैरिफ से वीजा तक :** भारत से भेजे जाने वाले सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के जो भी तर्क दिये गये हों, सच्चाई यही है कि यह फैसला ट्रेड रिलेशन के ग्रामर में फिट नहीं बैठता। यह बात भी सही है कि न तो भारत रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाला देश है और न ही उसके साथ व्यापार करने वाला इकलौता देश। बहरहाल, टैरिफ का मसला सुलझाने के लिए प्रयास भी दोनों तरफ से जारी हैं। लेकिन, जब इन प्रयासों के मद्देनजर ट्रेड डील पर कोई नतीजा निकलने की उम्मीद बढ़ रही थी, तब अचानक वीजा- फीस बढ़ाने का यह फैसला आ गया, जिससे आम लोगों के स्तर पर द्विपक्षीय रिश्तों का व्याकरण गड़बड़ाता दिखने लगा।

**रूस से ईरान तक :** रूस पर दबाव बढ़ाने के बहाने भारत पर टैरिफ लादने का मामला अभी सुलझा भी नहीं कि ईरान पर दबाव बढ़ाने की जरूरत बताते हुए चाबहार पोर्ट तक हमारी पहुंच रोकने की कोशिश की गई। इस पोर्ट के इस्तेमाल को लेकर जो छूट हमें दी गयी थी, उसे ट्रंप प्रशासन ने समाप्त कर दिया। इस पोर्ट को विकसित करने में भारत अपना काफी संसाधन लगा चुका है।

> विदेश नीति में लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) जितना आवश्यक है, उससे कम अहमियत निरंतरता (कंटिन्यूटी) की नहीं है। बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों को संबोधित करते हुए भी यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विदेश नीति के बुनियादी मानकों पर फोकस बना रहे।

**पाक-यूएइ समझौता :** पिछले दिनों सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ सामरिक समझौता भी कम गंभीर मसला नहीं है। इस समझौते के मुताबिक सऊदी अरब और पाकिस्तान तय किया है कि किसी भी एक देश पर हुए हमले को दोनों देश अपने ऊपर हमला मानेंगे। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में देखें तो भारत इस क्षेत्र में बन रहे इन नए समीकरणों की किसी भी रूप में अनदेखी नहीं कर सकता।

**बुनियादी मानक :** इन तमाम घटनाओं को समग्रता में देखें तो ऐसा लगता है कि भारत को अपनी विदेश नीति की बारीकियों पर दोबारा गौर करने की जरूरत है। विदेश नीति में लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) जितना आवश्यक है, उससे कम अहमियत निरंतरता (कंटिन्यूटी) की नहीं है। बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों को संबोधित करते हुए भी यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विदेश नीति के बुनियादी मानकों पर फोकस बना रहे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत की आजादी के समय, राजा आदित्य प्रताप सिंह देव सरायकेला रियासत के शासक थे। उन्होंने ही भारतीय संघ में रियासत के विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये थे। 1947 में भारत की आजादी के बाद, सरायकेला और खरसावां रियासतें, जो पड़ोसी थीं, को ओड़िशा में विलय करने का एक समझौता हुआ था। हालांकि, स्थानीय लोगों और आदिवासी नेताओं ने इसका जोरदार विरोध किया, क्योंकि वे तत्कालीन बिहार (अब झारखंड) में शामिल होना चाहते थे।**

# सरायकेला राजघराना : ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक



डॉ मोहम्मद जाकिर

भारतीय रियासत, जिन्हें 'रियासतें' भी कहा जाता था, वे राज्य थे जिन पर ब्रिटिश भारत में ब्रिटिश क्राउन का सीधा शासन नहीं था। इन राज्यों पर स्थानीय राजा, महाराजा, नवाब या अन्य शासक शासन करते थे। ये शासक अंग्रेजों के साथ सहायक संधि या अन्य समझौतों के तहत काम करते थे। ब्रिटिश राज से पहले भारत में छोटे-बड़े सैकड़ों स्वतंत्र राज्य थे, जिन पर स्थानीय शासकों का शासन था। ब्रिटिश शासन के दौरान अंग्रेजों ने इन राज्यों के साथ अलग-अलग तरह के समझौते किये। कुछ राज्यों को 'सहायक संधि' के तहत ब्रिटिश संरक्षण में लाया गया, जबकि कुछ को सीधे ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा बना लिया गया। इन रियासतों के शासकों के पास अपने आंतरिक मामलों में सीमित स्वायत्तता थी। उनकी विदेश नीति और रक्षा का नियंत्रण ब्रिटिश सरकार के हाथों में था। ब्रिटिश सरकार ने रियासतों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त किये थे, जो शासकों को सलाह देते थे और उन पर नजर रखते थे।

> सरायकेला में दुर्गा पूजा जितिया अष्टमी से शुरू होकर महाष्टमी तक, पूरे 16 दिनों तक चलती है।

भारत की आजादी के समय, राजा आदित्य प्रताप सिंह देव सरायकेला रियासत के शासक थे। उन्होंने ही भारतीय संघ में रियासत के विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये थे। 1947 में भारत की आजादी के बाद, सरायकेला और खरसावां रियासतें, जो पड़ोसी थीं, को ओड़िशा में विलय करने का एक समझौता हुआ था। हालांकि, स्थानीय लोगों और आदिवासी नेताओं ने इसका जोरदार विरोध किया, क्योंकि वे तत्कालीन बिहार (अब झारखंड) में शामिल होना चाहते थे। 1 जनवरी 1948 को खरसावां में हजारों आदिवासी ओडिशा में विलय के विरोध में एक सभा के लिए जमा हुए थे। इस दौरान पुलिस की गोलीबारी में सैकड़ों लोग मारे गये। इस घटना को 'स्वतंत्र भारत का जलियांवाला बाग कांड' भी कहा जाता है। इस विरोध और गोलीकांड के बाद, सरायकेला और खरसावां रियासतों का अंततः बिहार (जो बाद में झारखंड बना) में विलय कर दिया गया।

आजादी के बाद, सरायकेला राजघराने के सदस्यों ने सक्रिय रूप से राजनीति में भाग लिया। राजा आदित्य प्रताप सिंह देव खुद 1957 में सरायकेला से विधायक चुने गये थे। उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने भी ओड़िशा और झारखंड की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। आजादी के बाद रियासतों के विलय के साथ राजशाही समाप्त हो गयी, लेकिन सिंह देव परिवार का प्रभाव आज भी सामाजिक और सांस्कृतिक मामलों में देखा जा सकता है। वे अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

2001 में सरायकेला-खरसावां को पश्चिमी सिंहभूम जिले से अलग कर एक नया जिला बनाया गया, जिसका मुख्यालय सरायकेला शहर में है।

सरायकेला का इतिहास इसके राजघराने की वीरता, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और आजादी के बाद के विलय संघर्षों से जुड़ा हुआ है। सरायकेला रियासत का राजघराना, जिसे सिंह देव परिवार के नाम से जाना जाता है, का एक लंबा और गौरवशाली इतिहास रहा है। यह परिवार पोड़ाहाट के सिंह वंशी शासकों के वंशज होने का दावा करता है और खुद को राठौर राजपूतों से जोड़ता है।

यह राजघराना अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। वे छऊ नृत्य के संरक्षक रहे हैं, जो इस क्षेत्र की एक प्रमुख सांस्कृतिक पहचान है। आज भी, राजघराना अपनी सदियों पुरानी परंपराओं का पालन करता है, जिनमें 16 दिनों तक चलने वाली दुर्गा पूजा प्रमुख है। यह पूजा तांत्रिक विधि से की जाती है। राज परिवार के सदस्य इसमें सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

सरायकेला राजघराने की दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह एक ऐतिहासिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो सदियों से चली आ रही है। इस पूजा की कुछ खास बातें इसे अन्य जगहों की दुर्गा पूजा से अलग बनाती हैं।

सरायकेला में दुर्गा पूजा जितिया अष्टमी से शुरू होकर महाष्टमी तक, पूरे 16 दिनों तक चलती है। यह पूरे भारत में बहुत ही कम जगहों पर देखने को मिलती है। इस दौरान, राजमहल में स्थित मां पाउड़ी मंदिर में अखंड ज्योत जलती रहती है।

यह दुर्गा पूजा पूरी तरह से तांत्रिक विधि और परंपरा के अनुसार की जाती है। इस पूजा के दौरान, प्रतिदिन बलि (आमतौर पर बकरे की) देने की भी प्रथा है। महा अष्टमी के दिन 'नुवाखिया' की एक विशेष परंपरा होती है, जिसमें राज परिवार के पुरुष सदस्य नदी से नये घड़े में पानी लाकर नए चावल से खीर बना कर देवी को अर्पित करते हैं। दुर्गा पूजा के दौरान शस्त्र पूजा का भी विशेष महत्व है। षष्ठी के दिन, राजपरिवार के सदस्य खरकई नदी के तट पर अपने पारंपरिक अस्त्रों की पूजा करते हैं, जो उनके राजघराने की वीरता और शौर्य का प्रतीक है।

कुल मिला कर, सरायकेला राजघराने की दुर्गा पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था, संस्कृति और इतिहास का एक जीवंत प्रतीक है।



सरायकेला का इतिहास इसके राजघराने की वीरता, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और आजादी के बाद के विलय संघर्षों से जुड़ा हुआ है। सरायकेला रियासत का राजघराना, जिसे सिंह देव परिवार के नाम से जाना जाता है, का एक लंबा और गौरवशाली इतिहास रहा है। यह परिवार पोड़ाहाट के सिंह वंशी शासकों के वंशज होने का दावा करता है और खुद को राठौर राजपूतों से जोड़ता है।

## कोल्हान की खबरें

### जुगसलाई से टाटानगर स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क पर हल्की बारिश में ही बहती है पानी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई से टाटानगर स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क से रोजाना हजारों हजार लोगों की आना जाना लगी रहती है। हाल ही में जुगसलाई से टाटानगर स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का मरम्मत की गयी। लेकिन उसके बावजूत हल्की बारिश में ही जलजमाव की गंभीर समस्या सामने आने लगी है। सड़क किनारे उचित नाली की व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगता है। जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक समस्या श्री श्री हनुमान मंदिर व आसपास के अन्य मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को हो रही है। कीचड़युक्त गंदा पानी सड़क पर भर जाने से न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि मंदिर आने-जाने में भी लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है नालियों की हाल ही में सफाई कराई गई थी, लेकिन सफाई के बावजूद हल्की बारिश में ही नाले भरकर उफनने लगे। नालों से निकाले गए कचरे को भी समय पर हटाया नहीं गया, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पास में ही स्थित प्रदीप मिश्रा चौक में एक बड़ा नाला है। यदि सड़क किनारे के छोटे नाले को उस बड़े नाले से जोड़ दिया जाए, तो जलजमाव की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। स्थानीय प्रशासन से लोगों की मांग है स्थायी समाधान के लिए सड़क किनारे बेहतर नाली व्यवस्था की जाए और नालों को प्रमुख जलनिकासी मार्ग से जोड़ा जाये, ताकि आने वाले दिनों में बारिश के दौरान ऐसी परेशानी न हो।

### टीआइपी की अनुचित टिप्पणी के खिलाफ बीएसएनएल यूनियन का प्रदर्शन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीएसएनएल जमशेदपुर के सभी यूनियन और एसोसिएशन के संयुक्त मंच ने टीआइपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सोमवार को यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल प्रधान महाप्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई की मांग की। मौके पर उन्होंने बीते 15 सितंबर को बीएसएनएल कर्मचारियों के खिलाफ टीआइपी द्वारा की गयी अवैध और आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा की। संयुक्त मंच ने आरोप लगाया कुछ टीआइपी और विक्रेता अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर बीएसएनएल अधिकारियों और कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं। मंच ने पीजीएम से अवैध धरना-प्रदर्शन और अनुचित व्यवहार में शामिल रहे ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। यूनाइटेड फोरम ने चेतावनी दी यदि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहरायी जाती हैं तो मजदूर संगठनों द्वारा कड़ा प्रतिकार किया जायेगा। मौके पर यूनियन के कई पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

### नमन अखंड तिरंगा यात्रा-2026 में देशभक्ति की अलख जगाने आयेंगे सांसद मनोज तिवारी : काले

**23 मार्च को निकलेगी 11वीं अखंड तिरंगा यात्रा, गूंजेगा भारत माता की जय जयकार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** देशभक्ति की अलख जगाने और शहीदों को नमन करने वाली देश की प्रतिष्ठित 'अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा' आगामी 23 मार्च को अपने 11वें वर्ष में प्रवेश करेगी। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्य अतिथि विश्वप्रसिद्ध गायक सह उत्तर-पूर्व दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी शामिल होंगे। यह जानकारी नमन संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने दी। श्री काले ने बताया मनोज तिवारी से मुलाकात कर उन्हें आगामी यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर ली। कहा अखंड तिरंगा यात्रा देशवासियों को आपसी सौहार्द, भाईचारे और देशप्रेम का संदेश देती है। इसमें हर वर्ष हजारों की संख्या में युवा, मातृशक्ति, सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। पूरा शहर भारत माता की जय और वंदेमातरम् के नारों से गूंज उठती है। काले ने कहा नमन संस्था न केवल शहीदों के सम्मान में यात्रा आयोजित करती बल्कि पूरे वर्ष भर विभिन्न माध्यमों से देशभक्ति की भावना का संचार करती है। नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ संस्था समाज के हर वर्ग को जोड़ने में प्रयासरत है। श्री काले ने बताया उन्होंने जब श्री तिवारी को यात्रा के उद्देश्य, गरिमा और जनभागीदारी से अवगत कराया, तो वे गदगद हो उठे और यात्रा में शामिल होने की तुरंत सहमति दी। उन्होंने हाल ही में आयोजित अंतिम सोमवारी भजन संध्या की सफलता पर भी बधाई दी। उल्लेखनीय है श्री तिवारी पांव में चोट के बावजूद अंतिम सोमवारी भजन संध्या में सम्मिलित होने नयी दिल्ली से पहुंचे थे।अमरप्रीत सिंह काले ने नमन संस्था व समस्त शहरवासियों की ओर से श्री तिवारी का आभार प्रकट करते हुए कहा उनकी उपस्थिति इस वर्ष की तिरंगा यात्रा को नयी उंचाइयों तक पहुंचायेगी।

### टाटा पावर की एमपीएल और लोक भारती ने शुरू किया व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र

**300 ग्रामीण युवाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण, स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन को बढ़ावा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें उद्योग के अनुकूल कौशल से सशक्त करने की दिशा में टाटा पावर की सहायक कंपनी मैथन पावर लिमिटेड ने लोक भारती एजुकेशन सोसाइटी के साथ साझेदारी कर धनबाद के निरसा में एक अत्याधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत की। यह केंद्र 30-35 गांवों के 300 से अधिक युवाओं को शत-प्रतिशत निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगी। यह पहल भारत सरकार के स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन के अनुरूप है। जिसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें एक सम्मानजनक व आत्मनिर्भर जीवन के लिए सक्षम बनाना है।प्रशिक्षण केंद्र में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, घरेलू उपकरण तकनीशियन और डेटा एंट्री ऑपरेटर जैसे उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों की पेशकश की जा रही है। प्रशिक्षण के लिए आधुनिक कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, उद्योग-मानक टूलकिट और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही ट्रेनीज को संचार कौशल, अनुशासन और वर्कप्लेस एटीकेट्स में भी प्रशिक्षित किया जायेगा। केंद्र का औपचारिक उद्घाटन एमपीएल के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर अंशुमान चक्रवर्ती, हेड सीएंडएम श्रीमती जयंश्री चौधरी, सीएसआर हेड मृत्युंजय रे और एमपीएल की सीएसआर टीम ने की। अंशुमान चक्रवर्ती सीएफओ एमपीएल ने कहा प्रशिक्षण केंद्र में युवाओं को व्यावहारिक और प्रासंगिक कौशल प्रदान करने का प्रयास है। हमारा उद्देश्य सिर्फ रोजगार योग्य बनाना नहीं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में जोड़ना है।

### जुबली पार्क में वेंडरों के साथ कथित मारपीट की खबर निराधार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर चर्चित जुबली पार्क में वेंडरों के साथ कथित मारपीट की घटना को लेकर वायरल हो रही खबरों पर टाटा स्टील यूआइसीएल ने स्पष्टीकरण जारी कर दिया। प्रबंधन के अनुसार ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई, इस तरह की असत्य व अपुष्ट खबरों से भ्रमित न हों। सोमवार को टाटा स्टील यूआइसीएल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा जुबली पार्क में वेंडिंग गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगायी गयी है। जिसका उद्देश्य विज़िटर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें बेहतर पार्क अनुभव प्रदान करना है। यह निर्णय कुछ विशेष परिस्थितियों और पार्क परिसर में प्रतिबंधित और अनावश्यक वस्तुओं की बिक्री को लेकर विज़िटर्स से मिली लगातार शिकायतों के आधार पर लिया गया। यूआईसीएल ने सभी संबंधित पक्षों और आम जनता से अपील की वे केवल प्रमाणिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### गदरा श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गदरा के द्वारा मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ परंपरागत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी विश्वजीत भगत के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा की शुरूआत मां दुर्गा प्रांगण से हुई। महिलाएं और बहनें पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लिए ढापू तालाब पहुंचीं, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-पाठ के साथ जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए वापस माता के प्रांगण में कलश स्थापना की गयी। कलश यात्रा में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति एवं सामाजिक सौहार्द की झलक देखने को मिली। नगरवासियों ने कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया और भक्ति रस में डूबे आयोजन की सराहना की। समिति द्वारा आगामी दिनों में पूजा-पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। मौके पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजू सामंत, पंकज गुप्ता, देव शरण, विशाल सिंह, लखीकांत, मनोज दास, बिबेक गुप्ता, विनय खरवार, बबलू सिंह, चंदन सिंह, अंकुर, सचिन साहा, उत्तम दास, अशोक सिंह, दूध नाथ मौर्या, रौशन सिंह, नीरज, कृष्णा दास, मोहन दास, विष्णु पाल समेत समिति के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक सविता महतो ने नव दुर्गा मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** नवरात्र के पावन अवसर पर विधायक सविता महतो ने चांडिल प्रखंड के रसूनिया गांव में भव्य दुर्गा पूजा मंडप का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही विधिवत कलश स्थापना कर पूजा अनुष्ठान की शुरूआत की। इस अवसर पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।मौके पर विधायक सविता महतो ने कलश यात्रा में शामिल महिलाओं और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर आशीर्वाद दिया। उन्होंने नव दुर्गा मंदिर में माथा टेककर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए कामना की।इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने विधायक सविता महतो का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा नवरात्र शक्ति,भक्ति और समाज में सकारात्मक ऊर्जा के प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता को बल मिलता है। मौके पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शारदीय नवरात्र का शुभारंभ, गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा, प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा

आजाद सिपाही टीम

**गढ़वा।** कल्याणपुर गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को कलश स्थापना के साथ 24 हजार गायत्री महामंत्र का अनुष्ठान शुरू हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इधर, ओम समिति की ओर से पूजा पंडाल में भी कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के प्रथम रूप मां शैलपुत्री की पूजा की गयी। कलश स्थापना के पूर्व गायत्री शक्तिपीठ स्थल से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। जिसकी शुरुआत गायत्री परिवार के जिला समन्वयक विनोद पाठक, गढ़वा प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुशवाहा, अनिल विश्वकर्मा, उदय कुमार, अशोक विश्वकर्मा, ओम समिति के अध्यक्ष चंद्रमनी कुमार, सचिव संदीप विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद अजीत शर्मा, उत्तम विश्वकर्मा और सिकंदर चंद्रवंशी आदि ने कुमारी कन्याओं को कलश प्रदान कर किया। वहीं, कलश यात्रा को सफल बनाने में गौतम विश्वकर्मा, पप्पू कुमार, मनीष ठाकुर, ब्रजेश विश्वकर्मा सहित ओम समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभायी। विष्णु दूबे ने पूजन कार्य संपन्न कराया। गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर पूजा पंडाल में पूरे नवरात्रि प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से लेकर 10 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। गायत्री परिवार के विनोद पाठक द्वारा सुनाया जायेगा।



## डंडई में 24 जगह दुर्गा पूजा का आगाज



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गई। क्षेत्र के रारो, लवाही, डंडई और जरही सहित कई गांवों में नवरात्र के पहला दिन कलश यात्रा निकाली गई। रारो बाजार दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष पप्पू यादव, लवाही में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष गोरेलाल साव, जरही में पूजा कमेटी के अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता और डंडई प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें कन्याओं, महिलाओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए पारंपरिक तरीके से निकली। अन्य गांवों में भी पूजा कमेटियों की ओर से कलश यात्रा निकाल कर शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया गया। रारो बाजार, लवाही और जरही में निकाली गयी कलश यात्रा विभिन्न गली मोहल्ले होते हुए नदी पहुंची और वहां से जल उठाया वापस लौंटी। जबकि डंडई में देवी धाम स्थल से कलश यात्रा प्रारंभ कर जरदे स्थित सरस्वती और दानरो नदी संगम से जल उठाया गया। मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। बतातें चलें कि इस बार पूरे प्रखंड में 24 स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन होने जा रहा है। इधर, शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी लगातार गस्त लगा रही है। इस दौरान रारो बाजार की कलश यात्रा में कमलेश यादव, पप्पू यादव, विजय सिंह, चंद्रिका यादव, प्रताप यादव, जबकि लवाही कि कलश यात्रा में मुखिया बच्चा लाल गुप्ता, अध्यक्ष गोरेलाल साव और लाल बिहारी पासवान आदि लोग शामिल थे।

## हरिहरपुर में भव्य कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र में सोमवार को शारदीय नवरात्र की शुरूआत आस्था और श्रद्धा के माहौल में भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। प्रातःकाल से ही श्रद्धालु स्नान-ध्यान कर दुर्गा मंडप से पवित्र कलश लेकर निकटवर्ती जलाशयों की ओर रवाना हुए। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भरकर पुनः कलश को दुर्गा मंडप में स्थापित किया गया। मझिगावां क्षेत्र में छह स्थानों, हरिहरपुर में पांच, रपूरा में दो और डूमरसोता में तीन स्थानों पर इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है। मझिगावां बस्ती भास्कर युवा क्लब के अध्यक्ष शंभूनाथ साह ने बताया कि यहां दुर्गा पूजा का आयोजन करीब 77 वर्षों से निरंतर हो रहा है। परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजन हो रहा है। वहीं, जय मां शेरावाली नवयुवक संघ हरिहरपुर के अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा कि गांव के पीपल वृक्ष तले बीते 30 वर्षों से पूजा हो रही है, जिसे आज भी लोग पूर्ण भक्ति भाव से निभा रहे हैं। इसी प्रकार, श्री श्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा कमिटी, कुटीपर (डूमरसोता) के अध्यक्ष सुखाड़ी साव एवं सचिव निर्मल विश्वकर्मा ने बताया कि यहां करीब 45 वर्षों से शांति और सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता रहा है।और परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं। बताते चलें कि सोमवार की सुबह भास्कर युवा क्लब, मझिगावां बस्ती के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ कलश उठाकर सात किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा की। श्रद्धालु पवित्र सोन नदी के श्रीनगर घाट पहुंचे, जहां विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश को अभिमंत्रित किया। इसके बाद कलश को दुर्गा मंडप लाकर वैदिक विधि-विधान से स्थापना की गई। पूरे क्षेत्र में नवरात्र के शुभारंभ को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

## सगमा में दिखा भक्ति का समागम



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सोमवार को धूमधाम के साथ शारदीय नवरात्र की शुरूआत हुई। परंपरा के अनुसार नवरात्रि से पूर्व पूजा पंडालों से बैंड-बाजा और डीजे की धुन पर कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों और कुंओं से पवित्र जल भरकर उसे विधिवत पूजा पंडालों में स्थापित किया। कलश स्थापना के साथ ही पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया और 'जय माता दी' के नारों से गली-गली गूंज उठी। प्रखंड मुख्यालय सगमा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के पूजा पंडाल से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। इसी तरह बालहा, कटकर कला, गदकवा, शारदा गांव उभका और पुतुर स्थित जय बजरंगबली दुर्गा पूजा समिति के श्रद्धालुओं ने भी उतमहि नदी से उत्साहपूर्वक जलभरी कार्यक्रम का आयोजन किया। कलश यात्रा के दौरान भक्तों ने परंपरागत विधि-विधान का पालन किया और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए मां दुर्गा की जयकारे लगाए। वहीं सोनडिहा, घघरी, बिरवल और मकरी पूजा पंडाल के श्रद्धालुओं ने मालिया नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरकर कलश स्थापित किया। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस मौके पर कटहर मुखिया कलावती देवी, पूर्व प्रखंड उप प्रमुख संजय यादव, दिनेश यादव, आलोक कांत यादव, शिक्षक मनोज यादव, विमलेश चंद्रवंशी, बुल्लू प्रसाद यादव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, ललित प्रजापति, ओमप्रकाश बैठा, अजीत बैठा, नेपाल यादव, सुरेंद्र यादव, मुकेश प्रजापति, राहुल यादव, सोना यादव, रविकांत यादव, शशि यादव, विशाल कुमार, पवन चंद्रवंशी, भानु कुमार, सोहन यादव, अर्जुन प्रजापति, जितेंद्र यादव, वकील प्रजापति, सुशील कुमार, बलवीर यादव और राम बच्चन यादव आदि मौजूद रहे।

## मानव तस्करी का आरोपित वाराणसी एयरपोर्ट से गिरफ्तार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बाल श्रम एवं मानव तस्करी के आरोप में फरार चल रहे व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के वाराणसी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। जिसे सोमवार को गढ़वा लाकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी विष्णु ने बताया कि रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के इरशाद अंसारी के मोबाइल लोकेशन को ट्रैक करते हुए जब पुलिस बेंगलुरू पहुंची तो वह विमान से वाराणसी भाग निकला। पर पुलिस उसके लोकेशन को ट्रैक करते हुए वाराणसी पहुंच गयी और एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ से संपर्क कर उनकी मदद से इरशाद को वाराणसी बाबतपुर हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर मेराल थाना लाया गया, जहां न्यायालय में भेजा गया।

# जंगली हाथी ने ली आदिम जनजाति के युवक की जान

### अधिकारी, कर्मचारियों के नहीं पहुंचने से गुस्साए परिजनों ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी के तलहटी में बसे बहेरवा गांव में रविवार की देर शाम हाथियों के झुंड ने आदिम जनजाति के एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बहेरवा गांव के मुनी परहिया का पुत्र रमेश परहिया (25) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक रमेश परहिया रविवार की शाम सात बजे तीन अन्य युवकों के साथ जरही बाजार से जरूरी राशन लेकर घर जा रहा था। पर घर से डेढ़ किलोमीटर पहले ही युवक हाथी के झुंड को आते देख इधर-उधर भागने लगे। मृतक के साथियों ने बताया गया कि रमेश हड़बड़ी में अपना राशन का झोला सड़क पर रखा कर बगल की झाड़ी में छिप गया। वहीं उसके लिए काल बन गया। रमेश को झाड़ी से खींच कर हाथियों ने कुचल दिया। बाद में हाथियों के जाने के बाद उन लोगों ने इसकी सूचना घरवालों को दी। आनन फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंच और शव को देखते ही दहाड़ मार कर रोने लगे। उधर, घटना की सूचना मिलने पर सोमवार की सुबह मुखिया पति जगजीवन रवि घटनास्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। परिजनों को ढांढस बांधते हुए सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पर सुबह नौ बजे तक प्रशासन के किसी भी अधिकारी, कर्मचारी के नहीं पहुंचने से गुस्साए आदिम जनजाति के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि सुबह करीब 10.30 बजे वन विभाग के अधिकारी, मेराल के सीआई और पुलिस मौके पर पहुंच कर गुस्साए लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद वन विभाग के वनपाल अभिषेक कुमार मेहता द्वारा दाह संस्कार के लिए तत्काल एक लाख रुपए नगद और तीन लाख रुपए परिजन के खाता में मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।



आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास करते वनपाल अभिषेक मेहता एवं अन्य।

#### प्रखंड प्रमुख ने दिशा की बैठक में उठाया था मुद्दा

**पिछले सप्ताह ही प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में यहां के आदिम जनजाति परिवारों की समस्या को मजबूती से उठाते हुए इनके जीवन यापन और रहने के लिए घर बनवाने का मुद्दा उठाया था। बावजूद इसके वन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।**

#### एक सप्ताह पहले ही एसडीओ-बीडीओ देकर आये थे आश्वासन

**बतातें चलें कि गत वर्ष हाथियों के झुंड ने इस गांव के लगभग सभी घरों को क्षति पहुंचाया था। तभी से कुछ लोग हाथियों के आतंक से डर कर जंगल से चार किलोमीटर दूर चिनिया-गढ़वा मुख्य पथ के किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। इसकी खबर मीडिया में प्रकाशित होने पर जनप्रतिनिधियों के बाद एसडीओ संजय कुमार, प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक ने झोपड़ी में रह रहे आदिम जनजाति परिवार से मिलकर उनका हाल जाना और आवास एवं आजीविका चलाने के लिए आवश्यक सहयोग करने के साथ ही जान माल की सुरक्षा दिलवाने का आश्वासन दिया गया। पर कोई ठोस पहला नहीं होने के कारण आज आदिम जनजाति के एक युवक की जान चली गई।**

## मंदिर और पंडालों में मां शैलपुत्री की पूजा और जयकारों की गूंज



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से शारदीय नवरात्र की शुरूआत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। प्रखंड मुख्यालय सिहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विभिन्न देवालयों एवं पूजा पंडालों में नवरात्र के प्रथम दिन विधि-विधान के साथ मां शैलपुत्री की पूजा- की गई। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। पूजा पंडालों में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और शंख-घंटियों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं, पूजा आरंभ करने से पूर्व कलश स्थापना की गई। पंडितों के मार्गदर्शन में भक्तों ने विधिपूर्वक कलश स्थापित कर मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने अखंड ज्योति प्रज्वलित की। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मां शैलपुत्री की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, युवाओं ने भक्ति गीत और माता के जयकारों से माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। जबकि, पंचायत स्तर पर दुर्गा पूजा समितियों ने मां की प्रतिमा स्थापित कर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है। पहले दिन से ही मंदिरों और पंडालों में मां शैलपुत्री की भक्ति में लोग डूबे नजर आए।

## रंका में निकला भव्य कलश जल शोभायात्रा



**रंका (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा का सोमवार को शुभारंभ हो गया। रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित सुदूरवर्ती क्षेत्रों में इस दिन भव्य कलश जल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान उंचरी दुर्गा पूजा समिति में कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें काफी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चे-बच्चियां शामिल हुई। सभी सिर पर कलश लेकर जय माता दी का जयकारा लगाते हुए शिवनाला नदी पहुंची। जहां पंडित प्रदीप पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भराई करवाया। इसके बाद सभी वापस पूजा स्थल पहुंचे और कलश की स्थापना की। इसके सफल आयोजन में पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल ठाकुर, सचिव धर्मेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष विकास यादव, संचालक बलराम यादव, संरक्षक उपेंद्र यादव, वरिष्ठ सदस्य अरविन्द राम, रविंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, हरखू यादव,पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार,परशु ठाकुर, विनय यादव, संतोष सिंह, राजू यादव, बलदेव यादव, रामचंद्र यादव, जगरनाथ राम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जय भवानी संघ पूजा पंडाल में की गयी कलश स्थापना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जय भवानी संघ पूजा पंडाल में सोमवार को कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम रूप मां शैलपुत्री की पूजा की गयी। कलश स्थापना में उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आये पंडित पुरोहित आचार्य श्री सुनिलधर दुबे एवं उनके पुत्र शिवानंद धर दुबे ने सभी यजमानों का संकल्प कराया एवं शपथ दिलाई। साथ ही विधि एवं विधान पूर्वक पूजन प्रारंभ किया। पूजा प्रभारी रविंद्र कुमार, गुप्ता उर्फ नंदू, जय भवानी संख्या के अध्यक्ष अमन कश्यप, सौरभ सुमन मिट्ठू सोनी, नेपाली सोनी, यशराज सोनी, अनमोल सोनी आदि ने प्रथम दिन शपथ लेते हुए पूजन प्रारंभ किया। वहीं, माता शैलपुत्री की कथा मुरली श्याम सोनी ने सुनाई।

## कुपोषित मरीजों के बीच पोषण युक्त आहार का हुआ वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की अध्यक्ष सुनीता केशरी की अध्यक्षता में जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत सहेली की ओर से जिला अस्पताल में कुपोषित मरीजों के बीच पोषण युक्त आहार का वितरण किया गया। साथ ही लोगों को समझाया गया कि ताजा और पौष्टिक भोजन करें, महिलाएं परिवार के साथ ही अपने शरीर का भी ध्यान रखें, सफाई से रहें, ताकि बीमारी ना हो। इस मौके पर सचिव रीमा स्वरुप, पूर्व अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, माला केशरी, रितू जायसवाल, रंजना जायसवाल, वर्षा अग्रवाल, वंदना सोनी, संध्या केशरी, प्रीति सोनी, करुणा केशरी, चांदनी केशरी, संगीता गुप्ता, अंजू केशरी, प्रियंका केशरी आदि उपस्थित थीं।

## भुईयां समाज की बैठक में लिया गया शिक्षा संगठन एवं संघर्ष करने का संकल्प



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के सलेया ग्राम में वृंदा भुईयां की अध्यक्षता में अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति रंका प्रखंड की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से शिक्षा, संगठन और संघर्ष का संकल्प लिया गया। बैठक में भुईयां समाज को सभी क्षेत्रों में सशक्त बनाने, बच्चों को स्कूल भेजने और उच्च शिक्षा दिलानें, सरकारी विकास लाभ योजनाओं में जनसंख्या के अनुपात में भागेदारी सुनिश्चित करने, राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने, सभी प्रखंडों में भुईयां समाज के छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय हॉस्टल की व्यवस्था, शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने, नशाखोरी पर नकेल एवं अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष करने के लिए हर गांव-टोला-पंचायत में जाकर कमेटी बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस मौके पर प्रखंड सचिव विजय कुमार भुईयां, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कंचनपुर पंचायत, उपाध्यक्ष शिव कुमार भुईयां, कोषाध्यक्ष मधुसूदन राम, संरक्षक वृंदा भुईयां, पूर्व मुखिया सोनदाग मालती देवी, मुंद्रिका भुईयां, लक्ष्मण भुईयां, लालमोहन भुईयां, वीरेंद्र, रविंद्र, दशु, बौद्ध, गणेश, शिव कुमार भुईयां आदि उपस्थित थे।

# कोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर कच्चा-पक्का मकान हुआ जमींदोज

### प्रशासन की मौजूदगी में दिलवाया गया 19.5 डिसमिल जमीम का दखल-कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** सिविल कोर्ट के आदेश पर सोमवार को प्रखंड के सरकोनी पंचायत में दशकों से चल रहे भूमि विवाद का पटाक्षेप हुआ। तिउरा, रोहतास निवासी महेश्वर महतो को 19.5 डिसमिल जमीन पर दखल-कब्जा दिलाने के लिए दंडाधिकारी सह सीओ राकेश सहाय और थाना प्रभारी असफाक आलम की उपस्थिति में कार्रवाई की गई। सिविल कोर्ट के नाजिर दीपक कुमार सिन्हा, प्रोसेस सर्वर रविंद्र सिंह, महेंद्र राम, अवध किशोर, श्याम बिहारी राम, इम्तेयाज आलम और भारत भूषण के नेतृत्व में टीम ने मौके पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान विवादित भूमि पर बने एक कच्चे और एक पक्के मकान को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। बतातें चलें कि यह जमीन विवाद महेश्वर महतो और सरकोनी गांव के अमस्था टोला निवासी रघुवीर प्रजापति के बीच लंबे समय से चल रहा था। विवादित प्लॉट पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शंभू प्रजापति, पिता रघुवीर प्रजापति के नाम से वर्ष 2020-21 में पक्का मकान बना था। हालांकि घर तोड़ने पहुंची टीम का परिजनों ने विरोध भी किया। महिलाओं की चीख-पुकार और विरोध के बावजूद प्रशासन ने कार्रवाई पूरी की। डिग्रीधारी महेश्वर महतो ने बताया कि उन्हें इस भूमि विवाद में वर्ष 1994, 2001, 2013, 2022, 2024 और 2025 में कोर्ट से डिग्री मिल चुकी है। वहीं, घरवालों का कहना था कि मकान तोड़े जाने की पूर्व सूचना उन्हें नहीं दी गई। कार्रवाई के दौरान मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, उपमुखिया रानी देवी, प्रवीण कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू



## पहले दिन हुई माता शैलपुत्री की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आश्विन शुक्ल प्रतिपदा सोमवार को कलश स्थापना के साथ ही जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन शहर के विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों के अलावा लोगों ने अपने घरों में विधि विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा के पहले स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की मातारानी से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कलश स्थापना के साथ ही खूंटी जिले में दुर्गोत्सव की धूम शुरू हो गयी।

सुबह-सुबह ध्वनि विस्तारक यंत्रों से गूंज रहे चंडी पाठ और माता रानी के भजनों और घंट, शंख और ढाक की धुन से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। इस बार खूंटी में 12 स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गयी है। इनमें कर्रा रोड स्थित चौधरी मंडप, मिश्रा टोली स्थित मिश्रा मंडप और मेन रोड स्थित हरि मंदिर में पारंपरिक पूज- अर्चना पारंपरिक विधि विधान से होती है। नेताजी चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, भगत सिंह चौक दुर्गा पूजा समिति, श्री दुर्गा मंदिर मिश्रा टोली खूंटी, यूथ क्लब मेन रोड, सार्वजनिक पूजा समिति बाजार टांड़, पूजा समिति पिपराटोली, अल्बर्ट एक्का क्लब तोरपा रोड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तोरपा रोड खूंटी टोला और इस बार पहली बार रेवा गांव में हो रहे भव्य पूजा पंडालों में पूजन अर्चन के साथ ही आधुनिक साज-सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इनके अलावा तोरपा, तपाकरा, बाबा आम्रेश्वर धाम, अंगराबारी, सुदारी, ओड़मा, रायसेमला, गोविंदपुर, कर्रा, मुरहू, रनिया सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भी मासता शैलपुत्री का आराधना की गयी।

## बेंती गांव में कलश स्थापना के साथ दुर्गापूजा शुरू



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव मे दुर्गापूजा समिति बेंती द्वारा कलश स्थापना के साथ दुर्गापूजा की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर कलश स्थापना कार्यक्रम में पूजा समिति के सभी लोगों के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष बेंती गांव में दुर्गापूजा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। समिति के सदस्यो ने बताया कि पूजा को लेकर पंडाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। महासप्तमी के दिन विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोला जायेगा। इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष हरिनारायण गंझू, रोहन गंझू, जयप्रकाश कुमार साहू, संजय कुमार केशरी, गणेश भुइयां, कृष्णा गंझू, कैला दुसाध, दिलीप गंझू, शिव कुमार, दुर्गा पासवान, राजेंद्र केशरी,शंकर गंझू, राजेश प्रजापति, सीताराम केशरी, लखन साव, बैजनाथ प्रजापति,खजांची प्रजापति, अजय प्रजापति, प्रेम कुमार ठाकुर, हेमराज प्रजापति, पुजारी ललित ठाकुर, जयराम भुइयां, चमन गंझू, सिकेंदर प्रजापति, नागेश्वर गंझू, सोमर गंझू, परमेश्वर गंझू, प्रभात कुमार, बीरबल गंझू, रोहित केशरी, रामबालक गंझू, रचित गंझू, सुखी गंझू, गणेश गंझू, चेतलाल महतो, बासुदेव गंझू, सेवक गंझू, आचार्य दामोदर पांडे, मोहन पांडे, अशोक पांडे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कलश स्थापना पर रसूनिया में शामिल हुईं विधायक सविता



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** चांडिल प्रखंड के रसुनिया में नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा पूजा का कलश स्थापना कर विधिवत पूजा प्रारंभ किया गया। कलश स्थापना में विधायक सविता महतो शामिल हुए एवं विधिवत फीता काटकर दुर्गा पूजा मंडप का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कलश लाने वाले महिलाओं व भक्तजनों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया। इस दौरान कमेटी के सदस्य द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक ने नव दुर्गा मंदिर में माथा टेक क्षेत्र का मंगल कामना किया। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिउड़ी मंदिर में कलश स्थापना के साथ ही बलि देने की परंपरा बंद रहेगी

नवमी पूजा के बाद बलि प्रथा फिर शुरू की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ के दिउड़ी मंदिर में कलश स्थापना के साथ ही बलि देने की परंपरा बंद रहेगी। नवमी पूजा के बाद बलि प्रथा फिर शुरू किया जायेगा। बकरा बलि, नारियल बलि और बतख बलि सहित किसी भी तरह की बलि बंद रहेगी। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। आज से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। यह 16 भुजी माता का दुर्गा मंदिर पूरे भारत वर्ष में बहुत कम जगहों पर विराजमान है। यह मंदिर असुर सभ्यता का अनुपम संग्रह है। हजारों वर्षों पुराना यह मंदिर आज भी श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण शक्ति पीठ है।

## मुरी में शारदीय नवरात्र को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**मुरी (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र का प्रथम दिन सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक लुपुंग के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। इस कलश यात्रा में महिलाएं भगवा वस्त्र में स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल भरकर पैदल चलते हुए दुर्गा मंदिर प्रांगण तक पहुंचे। इस शोभा यात्रा पर श्रद्धालुओं ने जय माता दी का जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। कई श्रद्धालु धार्मिक पट्टी व गाजे बाजे के साथ चल रहे थे।



## एनजीटी रोक के बावजूद ईचागढ़ क्षेत्र से हो रहा है अवैध बालू का परिवहन

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर व हाइवा से एनजीटी के रोक के वावजूद अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दिन को नदी से ट्रैकर के द्वारा बालू निकाला जाता है और रात को हाइवा के द्वारा बालू इस क्षेत्र से शहरों में ले जाता है। थाना गेट और अंचल कार्यालय सामने से बेखौफ गुजर रहे है अवैध बालू लदे ट्रैक्टर व हाइवा ईचागढ़ थाना के गेट और प्रखंड सह अंचल मुख्यालय गौरांगकोचा के सामने से प्रतिदिन दिन रात अवैध बालू लदे ट्रैक्टर व हाइवा बेखौफ गुजरता है। अवैध बालू स्वर्ण रेखा नदी के विभिन्न बालू घाटों से दिन रात बालू लोड कर चौका, चांडिल, जमशेदपुर आदि जगह भेजा जाता है। सक्षम पदाधिकारी आंख बंद कर लेते है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सरकार का प्रतिदिन लाखों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है, परंतु स्थानीय अधिकारिओं का जेब माला माल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन विभाग और स्थानीय पुलिस व अधिकारी द्वारा नाम मात्र का छापेमारी किया जाता है। यदि कोई बालू गाड़ी को पकड़ते भी है तो उस पर कोई करवाई नहीं की जाती है बल्कि उससे मैनेज कर लिया जाता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन के मिली भगत के कारण ही इतना बड़ा खेल इस क्षेत्र में चल रहा है।

## सोनाहातू में दो राशन डीलर की मौत





मृतक राशन डीलर की फाइल फोटो।

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दुलमी के राशन डीलर 65 वर्षीय मुंडा कृष्ण कुमार सिंह का निधन रविवार रात को हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने गहरा शोक जताया है। इधर रविवार रात में ही बारेंदा गांव के राशन डीलर 60 वर्षीय अजीत पांडे का भी निधन हो गया है। ये काफी दिनों से बीमार थे। प्रखंड क्षेत्र से एक ही दिन में दो डीलर के निधन पर राज्य डीलर संघ और जिला डीलर संघ ने शोक जताया है।

## मृतक सीसीएल कर्मी की पुत्री को मिला अनुकंपा नियुक्ति पत्र



खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया की केडीएच परियोजना में लिपिक पद पर कार्यरत अशोक तुरी के निधन हो गया। अशोक तुरी का रांची के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गया। जिसके बाद श्रमिक प्रतिनिधियों ने मृतक सीसीएल कर्मी के आश्रितों को नौकरी देने की मांग प्रबंधन के समक्ष रखा जिसके बाद 26 घंटे बाद मृतक सीसीएल कर्मी की पुत्री गहना कुमारी को सीसीएल प्रबंधन ने नियुक्ति पत्र दिया। एनके एरिया श्रमिक प्रतिनिधियों के पहल पर अनुकंपा के आधार पर मृतक के पुत्री को एरिया के एच आर अधिकारी शैलेश कुमार ने महाप्रबंधक कार्यालय में यूनियन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र देने के समय सुनील कुमार सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, रामप्रवेश नायक, मुखिया शांति देवी, केडीएच परियोजना के अधिकारी कर्मचारी एवं मृतक के परिजन मौजूद थे।

## बुंडू के ताऊ मैदान में करम मिलन समारोह का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। सोमवार को आदिवासी सेवा संस्था, पांच परगना आदिवासी समाज, आदिवासी छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में बुंडू के ताऊ मैदान में करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक तथा खूंटी विधानसभा के विधायक राम सूर्या मुंडा उपस्थित हुए। इस अवसर पर खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति ही पहचान है आदिवासी प्राकृतिक से जुड़े हुए लोग हैं। विभिन्न दर्जनों गांव से नृत्य दल पारंपरिक पोशाकों के साथ उपस्थित हुए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट रहना चाहिए एवं इसी तरह अपनी संस्कृति एवं परंपरा को बचाने का संकल्प लिया प्रत्येक गांव टोला में अखाड़ा को बचाकर इसे आदिवासी संस्कृति को समृद्धि करने की घोषणा किया गया। मौके पर राम दुर्लभ सिंह मुंडा, अघनू मुंडा, आदित्य नाग दिलेश्वर उरांव, पूर्ण चंद्र सिंह मुंडा, संतोष सिंह मुंडा, दिवेश्वर मुंडा, अनिल लोहार, दिशा मुंडा, गिरीश मुंडा, अनिल मुंडा, बबलू मुंडा, किशन मुंडा, मंगल मुंडा आदि उपस्थित हुए।

# खलारी में अपराधियों ने गश्ती दल पर चलायी गोली, हवलदार जख्मी

आधा दर्जन हिरासत में, सीमावर्ती जिलों तक चल रही है छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना अंतर्गत पुरानी राय में खलारी थाना गश्ती दल पर अपराधियों ने गोली चला दी। घटना में गश्ती दल में शामिल खलारी थाना के हवलदार रामशरीफ शर्मा के पैर में एक गोली लगी है। घटना रविवार रात 11.55 बजे की बतायी जा रही है। घटना के संबंध में पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी ने बताया कि खलारी थाना पुलिस के सब-इंस्पेक्टर रविकुमार सोनी के नेतृत्व में पुलिस रात्रि गश्ती में थी। इसी क्रम में पुरानी राय बंबई होटल के आगे मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क से पूरब की ओर जा रहे एक कच्ची सड़क पर एक सफेद रंग की कार (मारुति) तथा कुछ संदिग्ध युवक दिखायी दिये। साथ में ही हेलमेट लगाये एक मोटरसाइकिल सवार भी था। युवक अपराधी प्रकृति के थे। पुलिस जैसे ही इनलोगों का सत्यापन करना चाही, कार के पास खड़े अपराधकर्मियों ने अचानक से पुलिस बल पर फायर करते हुए हमला बोल दिया। संदिग्धों द्वारा चलायी गयी एक गोली हवलदार रामशरीफ शर्मा के पैर में लग गयी। और जबतक पुलिस संभलती, अपराधी कार व मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकले। पुलिस के लक्षित कर चलायी गयी एक गोली सड़क के दूसरी ओर स्थित धर्मनाथ महतो के घर के दरवाजे पर जा लगी। सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, डीएसपी खलारी आरएन चौधरी, थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो घटनास्थल पर पहुंचे। क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गयी। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गयी। वहीं जख्मी हवलदार को रात में ही इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है। उनके पैर से गोली निकाल ली गयी है, वे सामान्य स्थिति में हैं।

**जल्द सलाखों के पीछे होंगे अपराधी: डीएसपी**

छापेमारी में पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाला अपराधिक गिरोह है। गिराह के सदस्यों की पहचान कर ली गयी है। जल्द ही सभी को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

## बटुका में विधायक रोशनलाल ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

बटुका के ग्रामीणों में खुशी की लहर, लोगों ने विधायक का किया आभार प्रकट

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत के ग्राम बटुका अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बटुका से तेतरियाटांड तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य एवं ग्राम बटुका में ही बंदर लौरी से मिदन जोजो हल्दीकोचा तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा किया गया। इससे पूर्व विधायक रोशन लाल चौधरी का स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे-बाजे एवं ढोल नगाड़े के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। समारोह में मुख्य रूप से पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल, बुंडू पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह आजसु केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार, पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, शंभू गुप्ता, मदन साहु, दिपक साहु, नकुल शर्मा, रामेश्वर महतो, श्रवण कुमार, रंजित महतो, चंदन महतो, कृष्णा, उदयनाथ, अशोक, मुकेश चौधरी, कौलेश्वर, फुलदेव, विनोद, वासुदेव, मुकुल, विनोद, बालदेव, महेंद्र, नंदकिशोर, कुलदीप महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राकोमयू ने शुरू किया चुरी परियोजना से ‘चलो श्रमिकों के द्वार’ अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने एनके क्षेत्र में ‘चलो श्रमिकों के द्वार’ अभियान की शुरूआत चुरी परियोजना से की। इस अभियान का उद्देश्य श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए पहल करना है। चूरी परियोजना के पीट ऑफिस में आयोजित बैठक में श्रमिकों ने प्रमुख समस्याएं रखीं, जिनमें पीआईएस नंबर आवंटन में देरी से वेतन भुगतान प्रभावित होना, आवास संबंधी कठिनाइयां, पदोन्नति में विलंब, खान से मुहाने तक श्रमिकों के लिए एफएसवी (फ्री स्टीर्ड व्हीकल) उपलब्ध कराने की मांग, वर्ष 2016-17 की लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान और सेवा पुस्तिका में आश्रितों के नाम संशोधन की आवश्यकता शामिल रही। श्रमिकों ने उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के सुझाव भी दिये। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, राघव चौबे, चंद्रदीप, फागू, गिरेंद्र कुमार सिंह, मोहन साल, धनंजय चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। यूनियन ने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को उच्च प्रबंधन तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाये जायेंगे।

## खलारी कोयलांचल क्षेत्र में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी, डकरा मैकलुस्कीगंज और कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में सोमवार को विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कर शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के लपरा दुर्गा पूजा पंडाल, धमधमिया, करकट्टा, नवाडीह, धुर्वा मोड़, हेसालोंग, खलारी बाजार, पहाड़ी मंदिर, डकरा, मोहननगर, चूरी और राय सहित कई स्थानों पर कलश स्थापना स्थापना की गई। साथ ही प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गयी। मोहनगर, धमधमिया एव नवाडीह दुर्गा पूजा समिति की कलश यात्रा में बच्चियों ने बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया।

## बचरा सार्वजनिक दुर्गा पूजा के कलश स्थापना में शामिल हुए जीएम संजीव कुमार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू हो गया है। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित राम जानकी मंदिर के समीप सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में भव्य कलश स्थापना व महावीरी ध्वज की स्थापना की गयी। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने विधिवत ध्वज पूजन किया, साथ ही क्षेत्र की खुशहाली के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना किया। मौके पर उन्होंने सभी लोगों से शांतिपूर्ण वारावरण में दुर्गा पूजा मनाने का आग्रह किया। इधर पिपरवार थाना के थाना प्रभारी अभय कुमार व सशस्त्र बल के जवानों ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी हेमचंद महतो, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, उप कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, स्टॉफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार, मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, रीना देवी, विद्यापति सिंह, राजेंद्र गुप्ता, पिंकी सिंह संतोष यादव, सुभाष साव, रामबचन यादव, प्रमोद प्रसाद सहित पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पिपरवार में गेट मीटिंग का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पीट ऑफिस और वर्कशॉप, पिपरवार पीट ऑफिस और वर्कशॉप में संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मिटिंग में सभी यूनियन के प्रतिनिधि सहित काफी संख्या मे कोयला मजदुर शामिल हुए। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियो ने सभी कोयला मजदुरों से पूजा समिति द्वारा निर्धारित किये गये 600 रुपये सहयोग राशि देने की अपील की। वहीं इस वर्ष पूजा के अवसर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा, साथ ही रावण दहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। गेट मिटिंग में जनता मजदुर संघ के क्षेत्रिय सचिव रविंद्रनाथ सिंह,सीटु के क्षेत्रिय इस्लाम अंसारी, कोल फील्ड मजदुर युनियन के क्षेत्रिय सचिव भीम सिंह यादव,राष्ट्रीय कोलियरी मजदुर युनियन के क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रमोद कुमार, रमेश सिन्हा, रामबच्चन यादव, रवि भारदूवाज, शंकर मुखर्जी सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

## भाकपा माओवादी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के भाकपा माओवादी के रिजनल कमिटी मेंबर और इनामी नक्सली अमीत मुंडा के घर टेबो थाना कांड सं0-07/19 दिनांक 06.10.19 धारा- 147/148/149/341/323/504/452/436/380/427 भा0द0वि0, 10/13 यु0ए0पी0 एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के प्राथ अभि भाकपा माओवादी संगठन के सदस्य अमित मुंडा उर्फ सुखलाल मुंडा उर्फ चुका मुंडा पिता सुखराम मुंडा, पता तमराना थाना तमाड़ जिला रांची के विरूद्ध विधिवत न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को टेबो थाना, चाईबासा एवं तमाड़ थाना के पुलिस द्वारा विधिवत स्थानीय ग्रामीणों के समक्ष तामिला किया गया। न्यायालय द्वारा दिनांक 04/11/2025 तक आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

## मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन 30 को

खूंटी (आजाद सिपाही)। रेन सिद्धिविनायक पॉलिकेयर के तत्वावधान में मंगलवार 30 सितंबर को सोनाहातु के माही बैंक्वेट हॉल में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जायेगा। कैंप में सामूहिक रूप से पहली बार दिल्ली, पटना एवं रेन हॉस्पिटल खूंटी के विशिष्ट डॉक्टर विभिन्न बीमारियों से संबंधित परामर्श देंगे, जो नि:शुल्क है। इस कैंप में ब्लड प्रेशर शुगर पल्स जांच के साथ विशेष दवायें भी मुफ़्त दी जायेंगी। कैंप का समय सुबह 10 बजे से 2 बजे तक रखा गया है। इस कैंप का उद्देश सोनाहातु की जनता को उचित स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। यह जानकारी रेन अस्पताल द्वार दी गयी।

## भूमि पूजन के साथ मारुति मंगल धाम निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

# मारुति मंगल धाम झारखंड की एकता का बनेगा केंद्र: संजय सेठ

**कहा- हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को मिलेगी नयी पहचान**

### धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा मारुति मंगल धाम : नवीन जयसवाल

### मारुति मंगल धाम के विकास से झारखंड को मिलेगी एक नयी पहचान : सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड की लतरातू पंचायत अंतर्गत अंबाटोली गांव में सोमवार को सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठन मारुति मंगल परिवार के सर्वसमाज की ओर से शारदीय नवरात्र के कलश स्थापना के अवसर पर मारुति मंगल धाम के निर्माण कार्य का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सजंय सेठ के अलावा विशिष्ट अतिथि हटिया विधायक नवीन जयसवाल एवं भाजपा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। इस दौरान संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो पत्नी रजनी कुमारी ने सर्व समाज के 35 यजमानों के साथ विधिवत पूजा अर्चना किये। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि मारुति मंगल धाम आने वाली पीढ़ियों के लिए झारखंड की



मारुति मंगल धाम के निर्माण कार्य को लेकर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सन्नी टोप्पो, हटिया विधायक एवं अन्य।

एकता एवं अखंडता की प्रेरणा का केंद्र बनेगा। यह धाम राष्ट्र-प्रेम और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक होकर आध्यात्मिकता को मजबूत बनाएगा। देश एवं राज्य के उत्थान के लिए उत्तम मानव निर्माण के शिक्षा, आरोग्य, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह धाम महती भूमिका निभाएगा। वहीं, विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि मारुति मंगल धाम तैयार होने के बाद यह क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इससे न केवल धार्मिक माहौल सुदृढ़ होगा, बल्कि पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जबकि सन्नी टोप्पो ने कहा कि मारुति मंगल धाम के विकास से झारखंड को एक नई पहचान मिलेगी। यह धाम पूरे झारखंड वासियों के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। इससे हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नई पहचान मिलेगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जैविक खेती, योग, आयुर्वेद चिकित्सा भविष्य की बड़ी जरूरत है। विक्रम महतो ने बताया कि लापुंग के अम्बा टोली गांव में भव्य मारुति मंगल धाम विकसित किया जाएगा। इसमें 111 फिट की भव्य हनुमान जी की प्रतिमा, दुर्गा मंदिर, विष्णु भगवान का मंदिर, गुरुकुल, योगा सेंटर, गौशाला, आयुर्वेदिक थेरेपी, बच्चों के लिए खेल पार्क, बुजुर्गो के लिए आश्रय गृह, चिड़ियाघर, सभागार, जैविक खेती, मारुति मंगल मुक्तिधाम बनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सात जिलों से मारुति मंगल परिवार के लोग शामिल हुए। इस मौके पर भंडारा लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर सच्ची कुमारी, राज कमल गोप, मनोज उरांव, सुमेश कुमार महतो, मुकुंद महतो, नवदीप महतो, सुरेंद्र महतो, मुनेंद्र लोहरा, मनोज मिस्त्री, एतवा उरांव, संदीप उरांव, आजाद उरांव, चिंतामणि उरांव, चिंतामणि सिंह, मनधीरण गोप, पीतांबर गोप, संदीप कुमार रुद्रा, भोला कोइरी, जीतवाहन प्रजापति, निरंजन गोप, मुकुंद महतो, भोला कोइरी, कामेश्वर महतो, इंद्रजीत गोप आदि संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## इएसआइसी अस्पताल में नवनिर्मित दो ऑपरेशन थिएटर का केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**कहा- क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सेवा में मिलेगी बेहतर सुविधा**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को नामकुम के कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) अस्पताल का दौरा किया। इस अवसर पर अस्पताल के डीन डॉक्टर संध्या आर, क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, नियोजक प्रमोद सारस्वत, एवं नियोजक संघठन प्रतिनिधि पिंटू सिंह ने संजय सेठ का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। वहीं, रक्षा राज्यमंत्री ने दो ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया। इसके अलावा दोनों ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण भी किया और वहां के आधुनिक सुविधाओ की जानकारी डॉक्टर राजेश कुमार प्रसाद, सीएमओ (एनएफससजी) से साझा किया। रक्षा राज्यमंत्री ने सभी मरीजों के बीच फलो का वितरण भी किया और अस्पताल में कूल्हे का प्रत्यारोपण करने वाले चिकित्सक डॉक्टर संजय कुमार से भी मुलाकात की। साथ ही मरीज से हाल चाल भी लिया। उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं पर संतोष जताया। वहीं, अस्पताल के सभागार में मंत्री संजय सेठ के रांची के नागरिकों और अस्पताल के अधिकारियों की तरफ से अस्पताल के निर्माण में सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया गया। क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री के व्यक्तिगत प्रयास से अस्पताल के निर्माण में तेजी आई और यह आधुनिक अस्पताल आज मरीजों की सेवा कर रहा है। इस मौके पर झारखंड आंदोलकारी रिंकू सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, छोटा नागपुर सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बिरसा पाहन, स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम की अध्यक्ष नीता शर्मा, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, भाजपा नेता अशोक गोप, डीन संध्या आर, निदेशक राजीव रंजन, डॉ संजीत कुमार, डॉ अमरनाथ मिश्र और आरके पाहन आदि उपस्थित थे।

## झामुमो रातू प्रखंड समिति के चार पद के लिए भेजे गये 10 लोगों के नाम

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिर्रा स्थित वीरा मैरिज हॉल में सोमवार को झामुमो प्रखंड समिति कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन हुआ। जिसमें जिला संयोजक एवं केंद्रीय सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक सदस्य डॉ हेमलाल कुमार मेहता एवं जिला संयोजक जयवंत तिग्गा शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मधु मंसूरी, शमीम मंसूरी, कलाम आजाद, आंसू लकड़ा, महावीर विश्वकर्मा, राम आंनद महतो, अवरुष तिर्की शामिल हुए। इस दौरान प्रखंड समिति के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के लिए 10 लोगो का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बेलाल अंसारी, जीतनंदन महतो एवं



असलम अंसारी, सचिव पद के लिए दिनेश तिग्गा, एनके यादव एवं प्रदीप किस्पोट्टा, कोषाध्यक्ष पद के लिए अजय साहू, उपाध्यक्ष के लिए सूरज प्रमाणिक, आसिफ मंसूरी, शकुंतला देवी एवं सिंदबाद खान शामिल है। इस दौरान अध्यक्ष पद के प्रस्तावित नाम असलम अंसारी के समर्थन में झामुमो प्रखंड समिति के पूर्व अध्यक्ष बेलाल अंसारी ने अपना नाम वापस ले लिया। वहीं, दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें राम प्रकाश ठाकुर, निसार अहमद, आफताब अंसारी, साहिल स्वरूप गुप्ता, नदीम सरवर, जावेद अंसारी, अयान अंसारी, राजा खान, अंकित साहू, चांद खान, आजम अंसारी, अफसर खान, बिट्टू राजा, सागर गुप्ता, किशन गुप्ता, छोटू अंसारी, पवन साहू, दीपक बैठा, किशन कुमार गुप्ता, सोहन साहू, अनिल सिंह राणा, सूरज बैठा, रंजीत कुमार, अनायत हुसैन ,जाकिर अंसारी, अंकित साहू ,पवन साहू, रोशन बैठा आदि शामिल है।

## राहगीर को बचाने में ऑटो पलटा, बच्ची की हुई मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रोगो गांव के तालाब के समीप पुरना पानी लापुंग सड़क पर सोमवार की शाम सात बजे एक ऑटो के असंतुलित होकर पलटने से उसमें सवार जहाना टंगरा टोली गांव की रहने वाली नीलम उरांव (2.5) की की मौत हो गई। इसी हादसे में उसकी मां गंदरी उरांव (35) गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने उपचार के लिए इन्हें बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्पहुंचाया। जहां डॉ सनल सोनू बरवार ने जांच के बाद नीलम उरांव को मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, ऑटो चालक शंकर उरांव ने बताया कि वह गडरी बाजार से अपने गांव जा रहा था।



इसी बीच सड़क पर अचानक एक राहगीर आ गया। जिसे बचाने के दौरान ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में उसकी बेटी की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने बताया कि वे गांव के बाजारों में पत्नी के साथ किराना दुकान लगाते है।

## 15 दिनों तक मौत से लड़ने के बाद जिंदगी की जंग हारा राजबल्लम

### रातू में सात सितंबर को हुई गोली कांड में हुआ था गंभीर रूप से घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड निवासी राजबल्लम उर्फ बलमा की इलाज के दौरान मौत हो गयी। विगत सात सितंबर की रात हुई गोली कांड में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। गोलीबारी में राज बल्लम के एक साथी रवि कुमार की पहले ही मौत हो गयी थी। वहीं, अपराधियों ने राजबल्लम के मुंह में गोली मार दी थी। गोली उसके गले में फंसी थी। गंभीर अवस्था मे परिजन उसे रांची के रिम्स अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकत्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी थी। पर स्थिति गंभीर बनी हुई थी। यह देख परिजन उसे राम प्यारी अस्पताल ले गया, जहां इलाज चल रहा था। पर 15 दिन तक जिंदगी एवं मौत से जूझते के बाद सोमवार की सुबह मौत हो गयी।

**पांच लाख रुपये में दी गयी थी हत्या की सुपारी**



राजबल्लम की हत्या की सुपारी पांच लाख रुपये में दी गयी थी। राजबल्लम के पड़ोसी कुणाल पर हत्या के लिए शूटरों को पांच लाख रुपये देने का आरोप है। हालांकि गोलीकांड की घटना को अंजाम देने के 12 घंटे के अंदर ही पुलिस ने गुत्थी सुलझाते हुए मुख्य षड्यंत्रकारी एवं शूटर सहित छह अपराधियों को गिरफ्तार कर आठ सितंबर को ही जेल भेज दिया था।। पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और वाहन भी बरामद किया था। पकड़े गये अपराधियों में मुख्य साजिशकर्ता बुढ़मू थाना क्षेत्र के चकमे निवासी कुणाल कुमार उर्फ बसंत यादव, लाल मोहन प्रजापति, श्रीचंद प्रजापति (चकमे) बुढ़मू बनगांवा के बबलू यादव, मुरुपिरी के विजय प्रजापति और मांडर थाना क्षेत्र के दौठाटोली निवासी इमरोज अंसारी शामिल थे।

## दो बच्चों के साथ महिला ने तालाब में लगाई छलांग, मछुआरों ने बचायी जान

**रातू (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक तालाब में सोमवार की सुबह एक महिला ने अपने दो छोटे-छोटे बच्चो के साथ तालाब में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि तालाब में कूदते ही महिला और बच्चा पानी में डूबने लगे। यह देख वहां मौजूद मछली पकड़ने आये मछुवारो ने सभी को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला रातू के इतवार बाजार की बताई जा रही है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही रातू पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अपने संरक्षण में ले लिया। जानकारी के मुताबिक पति से झगड़े के बाद महिला ने बच्चों के साथ तालाब में कूद कर जान देने की कोशिश की। पुलिस जांच में जुट गई है।

## बंधु तिर्की ने किया चान्हो नर्सिंग कौशल कॉलेज का निरीक्षण

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** राज्य पूर्व मंत्री एवं सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने सोमवार को चान्हों प्रखंड स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं की समस्याएं सुनी और नर्सिंग कॉलेज में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल रंजन चौधरी से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को फिजिकल एक्टिविटी



को लेकर कई सुविधा उपलब्ध कराये जाने की बात कही। मौके पर कांग्रेस नेता मोहम्मद मोजीबुल्लाह आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बना दी तीन किमी लंबी सड़क

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** गांव-गांव तक पक्की सड़क बनाकर लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने के सरकारी दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। धरातल पर कई ऐसे गांव हैं जहां आज भी ग्रामीण पक्की सड़क के लिए तरस रहे हैं। प्रखंड के जरिया पंचायत का हुलसी गांव की स्थिति कुछ ऐसी ही तस्वीर बयां कर रही है। हालांकि गांव के ग्रामीणों ने सरकार को आईना दिखाते हुए श्रमदान कर करीब तीन किलोमीटर लंबी सड़क को चलने लायक बना दिया। ग्रामीणों ने इसके लिए पहले 200-500 रुपये चंदा एकत्र कर 6100 रुपये जमा किया। इसके बाद रविवार को छह ट्रेक्टर एवं एक जेसीबी लगाकर श्रमदान कर सड़क का निर्माण किया।

## कलश स्थापना के साथ 10 दिवसीय दुर्गापूजा शुरू



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति सह श्री रामचरितमानस नवाहन परायण महायज्ञ समिति के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय दुर्गा पूजा के प्रथम दिन सोमवार को दुर्गा मंदिर परिसर से भव्य कलश स्थापना के साथ पूजा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले नगड़ी प्रखंड के बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होकर परंपरागत मार्गो से होते हुए माता दी का जयकारा लगाते नगड़ी मेला टिकरा स्थित स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल स्वर्ण रेखा नदी की उद्गम स्थल रानी चुंआ पहुंचे। वहां से जल लाकर दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष कलश स्थापित की गई। कलशयात्रा को दुर्गा पूजा समिति सह श्री रामचरितमानस नवाहन परायण महायज्ञ समिति के वरीय पदाधिकारियों ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। वहीं, दुर्गा मंदिर परिसर में श्रीराम चरित मानस पाठ का शुभारंभ वृंदावन से आए पंडित मुनि राज शास्त्री ने कराया। शाम 7.30 बजे से वृंदावन से पधारे प्रभु प्रिया द्वारा प्रवचन कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

## ओरमांझी में रानी वस्त्रालय का उद्घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आनंदी रोड स्थित पंचायत भवन के समीप रानी वस्त्रालय का शुभारंभ सोमवार को प्रधान दीनदयाल लोहरा के आवास में हुआ। जिसे मुखिया दीपक बढ़ाइक एवं पूर्व मुखिया मीणा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर संचालिका रानी ठाकुर, कविता चौधरी, सोनी देवी, पूर्णिमा देवी, विमला देवी, शिवानी ठाकुर, शशि मेहता और सुनील नायक उपस्थित थे। मुखिया दीपक बड़ाइक ने कहा कि यह प्रतिष्ठान नारी शक्ति का सशक्त माध्यम है। वहीं, संचालिका रानी ठाकुर ने बताया कि यह प्रतिष्ठान गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए उत्तम प्रतिष्ठान साबित होगा।

## बाइक चोरों का आतंक


**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया गांव में बाइक चोरों ने दो दिन में दो बाइक चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। पहली घटना महाराणा प्रताप चौक में घटी। जहां विनय कुमार केशरी की बाइक को गत शनिवार को उनके घर के पास से ही चोरी कर ली गयी। वहीं, रविवार को नागेश्वर महतो चौक के सुबोध गोप की बाइक उसके घर के पास से ही चोरी हो गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं, शिकायत के बाद सोमवार की शाम बाइक चोर सुबोध गोप की गाड़ी को पिठोरिया थाना में लगाकर भाग गया।

## बिछड़े पति-पत्नी का पुनर्मिलन कराना हमारा उद्देश्य : ममता

### मध्यस्थता से सुलझाया गया पारिवारिक विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची मध्यस्थता केंद्र में एबीपी संख्या 2588/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव, प्रथम पक्ष के अधिवक्ता आरिफ इमाम और द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता कुणाल श्रीवास्तव के संयुक्त प्रयास से सोमवार को विवाद को सुलझा लिया गया। यह वाद रांची न्यायालय में निष्पादन के लिए लंबित था। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर के निर्देश पर इसे मध्यस्थता के लिए अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव को सौंपा गया था। उक्त वाद में पत्नी गुलफ़्सा परवीन ने अपने पति इमरान हवारी



सहित अन्य पर चुटिया थाना में कांड संख्या 174/2025 दायर किया था। उक्त वाद में दोनों पति-पत्नी पिछले एक वर्ष से अलग रह रहे थे। अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के समझाने पर पति-पत्नी फिर से एक साथ रहने को राजी हो गये है। दोनों ने सहमति जताई की पहले हुए मन-मुटाव को भूलाकर हंसी-खुशी जीवन यापन करेंगे। इस वाद को सुलझाने में अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने दोनों पक्षों को शुभकामनाएं दी और आगे कलह एवं वाद दायर न करने की सलाह भी दी।

## खिजरी में सोहराई जतरा को लेकर बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी में सोहराई जतरा सह नागपुरी कार्यक्रम को लेकर अखाड़ा में सोहराई जतरा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय कुजूर ने किया। जिसमें लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष भी खिजरी गांव में सोहराई जतरा धूमधाम से मनाया जाएगा। बताते चलें कि खिजरी गांव में दीपावली के तीसरे दिन सोहराई जतरा का आयोजन होता है। इसमें गांव के लोगों के साथ अगल-बगल के गांवों से खोड़हा टीम आती है। इस वर्ष खोड़हा जतरा एवं नाच टीम के साथ बच्चों का नृत्य प्रतियोगिता और रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर समिति के संरक्षक कमलदास गोस्वामी, बिरसा पाहन, लाल निरंजन नाथ सहदेव, आरती कुजूर, मंटू कच्छप, मनीष तिर्की, प्रकाश लिंडा, रमेश तिर्की, महादेव कच्छप, भीम गोस्वामी, करमा कच्छप, सुनील लकड़ा, अजित कच्छप, चंदन कुजूर, सुनील कुजूर, कार्तिक तिर्की, संदीप कच्छप, दिनेश तिर्की, बबलू लकड़ा, संदीप कुजूर, विनोद लिंडा, ललित कच्छप, पंकज कच्छप, राहुल कच्छप, सोनू कच्छप, संजय कच्छप, बुधुवा महली, विजय कच्छप, विलियम कच्छप, अनुज तिर्की, अमित तिर्की, मोहन तिर्की आदि उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र के पहले दिन निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो गया। माता के भक्त पूजा-पाठ में तल्लीन हो गए। पहले दिन प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पूजा पंडालों से कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। वहीं, श्री श्री दुगार्पूजा महासमिति के तत्वाधान में कलश स्थापना को लेकर महादानी मंदिर परिसर एवं मुरतो गांव में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल महिलाओं एवं कन्याओं का दल बेड़ो का भ्रमण करते हुए डुकु तालाब से कलश में जल भर कर मंदिर परिसर पहुंचा। जहां मुख्य पुजारी अशोक पंडा की देखरेख में कलश स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा हुई। इसके साथ ही मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-आरती शुरु हुई। इधर, वहीं मंदिरों एवं घरों में माता के जयकारे गुजते रहे।

# कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू, पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

-सिसई-घाघरा में मां दुर्गा के जयकारों से गूंजा वातावरण

## चैनपुर में 251 कलशों के साथ महिलाओं-किशोरियों ने निकाली भव्य कलश यात्रा





आजाद सिपाही टीम

**गुमला/घाघरा/सिसई/चैनपुर।** ...या देवी सर्व भुतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता. नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र आरंभ हो गया। श्रद्धालु माता रानी की आराधना में लीन नजर आए। घरों में भक्तों ने कलश स्थापना कर पाठ शुरू किया, वहीं सामूहिक रूप से मंदिरों और पंडालों में भी प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा के साथ नवरात्र की पूजा विधिवत प्रारंभ हुई। इस दौरान घाघरा के हापामुनी महामाया मंदिर, चांदनी चौक, थाना चौक, हनुमान वाटिका, देवाकी, नवडीहा, गम्हरिया और आदर आदि जगहों पर माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल की ध्वनि और जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्र साधना से जीवन में शक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वहीं, भदौली कुदरा दुर्गापूजा समिति सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मां जगदंबे का आह्वान करते हुए घटस्थापना की गयी। प्रथम दिवस पर कलश स्थापना एवं मां शैलपुत्री का पूजा की गयी। जिसमें सभी नवरात्रि करने वाली व्रती एवं कमेटी के सदस्य शामिल हुए। वहीं, पूजा समिति के अध्यक्ष सुदीप ओहदार ने कहा कि इस वर्ष धूमधाम एवं साज सज्जा के साथ मां की पूजा की जायेगी। महासप्तमी को संध्या भक्ति जागरण का भी आयोजित किया जाएगा। दूसरी ओर, चैनपुर में भी शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व भक्ति और उत्साह के साथ सोमवार से शुरू हुआ। प्रथम दिवस पर सफी नदी से श्री दुर्गा मंदिर तक 251 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सिर पर मंगल कलश लिये जय माता दी के जयकारों के साथ यात्रा में भाग लिया। वहीं, मंदिर परिसर में कलश स्थापना के बाद नौ दिवसीय पूजा-अर्चना का विधिवत शुभारंभ हुआ। केंद्रीय श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि पूजा से पूर्व सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है जिसमें मंदिर परिसर की विशेष साफ-सफाई, बिजली और पानी की उचित व्यवस्था सहित सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताया। कहा कि इस वर्ष भी भक्तों के लिए विशेष आयोजन किए गए हैं। शुरूआती दो दिनों तक बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। विजय दशमी को रावण दहन का भव्य कार्यक्रम होगा। इसके अगले दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। उधर, कलश यात्रा को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार विधि व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे। मौके पर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक त्रिभुवन प्रसाद, सलाहकार समिति के पदाधिकारि कृष्ण प्रसाद, संतोष केसरी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा गुमला के श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में आचार्य श्री यमुना पांडेय, श्री सनातन दुर्गा पूजा समिति दुर्गा बाड़ी में आचार्य गुरुदास बनर्जी, भारतीय नवयुवक संघ महावीर चौक में डा.विनोद कुमार पाठक, करौंदी में श्री सीताराम मिश्र, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा पंडाल में आचार्य शिवराज पांडेय, लक्ष्मण नगर देवी दुर्गा संघ में मनोज पाठक, कोटेंगसेरा तिर्रा में गोपाल मिश्रा, कसीरा में आचार्य जन्मजय पाठक, पतिया में आचार्य बिरसा दास गोस्वामी, नवयुवक संघ मुरकुंडा में आचार्य श्री शेखर पांडेय, कोटाम में श्री मधुसुदन मिश्रा, कुलाबीरा में आचार्य दलू दास, दुर्गा मंदिर खोरा में श्री राम किशोर दास देवघरिया ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश स्थापन कराया

# नींद की 8 गोली खाने से युवक की बिगड़ी हालात

## इलाज कराने को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा हल्दी टोली निवासी बबलू बैठा (21) ने सोमवार की दोपहर नींद की आठ गोलियां खा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन अपराह्न तीन बजे उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उसने इलाज कराने को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। हालांकि काफी मशक्कत के बाद उसका इलाज शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति दो-चार दिनों से ठीक नहीं है। वह अजीब हरकत कर रहा था। परिवार के सदस्यों को मारने पीटने दौड़ता था। इसी बीत सोमवार की दोपहर पत्नी उसे दवा खिला रही थी। तभी डिब्बे में रखी नींद की गोली छिन लिया। पत्नी ने उससे दवाइयों को वापस छिनने की कोशिस की, तबतक उसने आठ गोली निकाल ली और पानी के साथ खा गया। इसके कुछ देर बाद हीसकी हालत बिगड़ने लगी। पत्नी ने बताया कि वह दो-तीन दिनों से रात भर नहीं सोया है। इधर, सदर अस्पताल लाने के बाद उसने इलाज कराने से मना कर दिया और काफी हाई वोल्टेज ड्रामा किया। पर चिकित्सकों एवं परिजनों के काफी मशक्कत के बाद उसका इलाज शुरू हुआ।


# रमेश कुमार दूसरी बार बने चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष



**गुमला (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर के चुनाव में एक बार फिर गुमला निवासी रमेश कुमार चीनी दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। उनके अलावे इस जोन से किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया था। जिस कारण वे निर्विरोध चुने गये। इसकी विधिवत घोषणा हो चुकी है। इससे पहले भी वे उसी पद पर थे। वे एक दशक पहले लगातार दो बार गुमला चेंबर अध्यक्ष रहने वाले भी इकलौते व्यक्ति है। कहा कि व्यापारी एकता बनाए रखने के लिए पहचाने जाते हैं। सभी को उचित मान सम्मान देना उनकी प्राथमिकता रही है। कहा कि व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगें। इधर, चेंबर से जुड़े लोगों ने जीत निर्विरोध चुने जाने पर बधाई दी है।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म और 80 हजार की ठगी


## पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को वाराणासी से दबोचा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** महिला थाने की पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म और उससे 80 हजार रुपये ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के वाराणासी से गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान करमू महली के रूप में हुई है। वह घाघरा के खोपाटोली का रहने वाला है। पुलिस करमू को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर घाघरा पहुंची और सोमवार की शाम चार बजे उसे जेल भेज दिया। वह पिछले कुछ महीनों से फरार चल रहा था। इस बाबत पीड़िता ने बताया कि साल 2023 में दीपावली के बासी दिन वह घर में अकेली थी। इसी का लाभ उठाकर करमू उसके घर में आ गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने जब लोगों को उसकी जानकी देने की धमकी दी, तो उसने उसके साथ शादी करने का झूठा वादा किया। इसके बाद लगातार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसी बीच वह गर्भवती हो गयी। तब उसने दवा खिलाकर उसका गर्भपात भी करवा दिया। इसके बाद करमू ने वादा किया कि वह उसके साथ साल 2025 के दिसंबर महीने में शादी करेगा। लेकिन उससे पहले ही अचानक से वह फरार हो गया। हालांकि मार्च महीने में वह फिर से उसके पास आ धमका और दोबारा से शारीरिक संबंध बनाने लगा। थक हार कर उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दे दी। इसी बीच करमू ने परेशानी का हवाला देकर उससे 80 हजार रुपये भी ठग लिये और फरार हो गया। इसके बाद उसने विगत दिनों महिला थाना में जाकर करमू के खिलाफ दुष्कर्म और 80 हजार रुपये की ठगी करने की लिखित शिकायत दर्ज करवायी। एसपी के निर्देश पर महिला थाने की पुलिस की टीम गठित कर आरोपित को अंततः गिरफ्तार कर लिया गया।

# 16 वर्षीय छात्र लापता, थाने में गुमशुदकी का मामला दर्ज



**गुमला (आजाद सपिाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के कुलमुंडा गांव निवासी सावित्री देवी ने सोमवार को अपराह्न तीन बजे गुमला थाना पहुंचकर अपने पुत्र रितेश सिंह (16) के के लापता होने की शिकायत दर्ज करायी है। महिला ने बताया विगत शनिवार की दोपहर एक बजे अपने पुत्र को लेकर दुंदरिया स्थित सब्जी बाजार गयी थी। शब्जी खरीदने के क्रम में बेटा कुछ खाने का सामान खरीदने की बात कहकर चला गया। पर काफी देर इंतजार करने के बाद भी वह वापस लौटा तो उसने अपने स्तर काफी खोजबीन की। लेकिन बेटे का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद वह अपने घर चली आई और रिश्तेदारों के सहयोग से संबंधित स्थानों पर तलाशी की। पर नहीं से कोई सुराग नहीं मिला। थक हार कर महिला ने सोमवार को गुमला में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराते हुए बेटे को तलाश करने की गुहार लगायी है।

# लगातार हो रही बारिश से ढहा वृद्ध महिला का घर



**सिसई (आजाद सिपाही)।** लगातार बारिश ने लोगों का जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। वहीं, बारिश के कारण कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला भी जारी है। इसी कड़ी में भदौली महुआटोली निवासी रूपन देवी (62) का कच्चा मकान अचानक छह गया। अन्य कमरों की दीवारों में भी दरार पड़ गयी, जो कभी भी गिर सकता है। बताते चलें कि मकान में वृद्धा अकेली रहती है, जो मकान का हिस्सा गिरने से काफी भयभीत है। वहीं, राजेंद्र बड़ाइक नामक व्यक्ति के घर के अंदर पानी का पझरा फूट गया, जिससे जमीन के नीचे से लगातार पानी निकल कर मिट्टी की दीवार पर गिरने से गाय रखने के लिए बनाया गया शेड ढह गया। उक्त घर में राजेंद्र बड़ाइक, उसकी मां, पत्नी, दो बच्चे, छोटा भाई बजरंग बड़ाइक, उसकी पत्नी एवं तीन साल की एक बच्ची संयुक्त रूप से रहते हैं। भुक्तभोगियों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# अल्बर्ट एक्का स्टेडियम जर्जर हालत में, सुधार कराने की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के असंगठित कामगार के जिला अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने सोमवार को अपनी टीम के साथ गुमला अल्बर्ट एक्का स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि स्टेडियम पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जगह-जगह जलजमाव होने के कारण कीचड़ जमा हो गया है। बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। मुख़्तार आलम ने कहा कि एक वर्ष पहले एक करोड रुपए का स्टेडियम का टेंडर हुआ था। जिसके बाद काम शुरू किया गया। हालांकि कई महीनों से स्टेडियम को बंद रखा गया, जिससे स्थिति बिगड़ गयी। उन्होंने कहा कि गुमला जिले को खेल की नगरी के रूप में जाना जाता है। गुमला जिला से कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल कर खेल कर जिला का नाम रोशन कर चुके हैं। पर वर्तमान में खिलाड़ियों और आम जनता में रोस है। खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन सही से नहीं कर पा रहे हैं। जर्जर स्थिति होने के कारण खिलाड़ियों का स्टेडियम में आवागमन बहुत कम हो गया है। जिला प्रशासन इस मामले को लेकर मौन है। उन्होंने गुमला डीसी एवं खेल पदाधिकारी से मांग की है कि स्टेडियम की स्थिति जल्द से जल्द सुधार कराई जाये। इस संबंध में उन्होंने झारखंड सरकार के खेल मंत्री एवं पार्टी के उच्च पदाधिकारी से जांच कराने की बात कही।

# बसिया में की गयी महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत सोमवार को बसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, 21 आरोग्य मंदिरों में हर दिन स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को अस्पताल पहुंच कर अपने स्वास्थ्य की जांच कराने को प्रोत्साहित करने के लिए सहिया दीदी, सहिया साथी, बीटीटी एवं अस्पताल प्रबंधन की ओर से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# शिविर लगाकर की गयी 105 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के तहत सोमवार को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का के नेतृत्व में कुल 105 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इसमें एनिमिया, सीकलसेल, सुगर, बीपी, गैर संचारी रोग, तंबाकू नियंत्रण, राष्ट्रीय किशोर किशोरी जांच, परिवार नियोजन, कुपोषण उपचार, यक्ष्मा जांच, कुष्ठ जांच, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, एचआईवी, मलेरिया फाइलेरिया जांच आदि शामिल रहा। इसके अलावा आयुष, एक्तदान, आयुषमान और आभा कार्ड आदि स्टाल लगाया गया है। शिविर में ज्ञानरंजन, विनय ठाकुर, अमित कुमार प्रसाद, बीएएफ सीमा देवी, बबीता देवी, पारस नाथ साहू, लक्ष्मण गोप, सहिया साथी संजोती देवी, सरिता देवी, सुषमा किरण किनडो, सूर्यमुनी उरांव, सहिया गीता देवी, हेमंती देवी, पुष्पा टोप्पो, सीमा देवी, बारखा देवी और जानकी देवी आदि उपस्थित थे।

# तेतरा पंचायत भवन में रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** तेतरा पंचायत भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रेसिपी प्रतियोगिता और पोषण पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें तेतरा के मुखिया, वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य सहिया और प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षण में स्थानीय भोजन को थाली में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रेसिपी प्रस्तुत कर उसके पोषण संबंधी फायदों को साझा किया। चयनित प्रतिभागियों को विजेता घोषित कर पुरस्कार भी दिया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पोषण और स्थानीय भोजन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। साथ ही, यह समझाना था कि यदि थाली में स्थानीय भोजन को नियमित रूप से शामिल किया जाए तो इससे स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।। इस पहल से ग्रामीणों में संतुलित आहार और स्थानीय भोजन के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका तेतरा मुखिया रतिया उरांव, वार्ड सदस्य बंधनी केरकेट्टा, एएनएम और रजनी किस्कू ने निभाया। इस मौके पर सुकन्या दत्ता, प्रतीमा कुमारी, राजकिशोरी टोपनो, रजनी किस्कू आदि उपस्थित थे।

## पेनाल्टी शूटआउट में कोड़ेदाग को 5-1 से हराकर पंडरानी की टीम बनी चैंपियन

# गुमला के खिलाड़ियों के रग-रग में हॉकी का जुनूनः आजाद अंसारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** झारखंड स्टार सैंदा के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुमला जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आजाद अंसारी, उत्तरी जिप सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी और मुखिया फ्लोरेंस लकड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। वहीं, फाइनल मैच कोड़ेदाग बनाम पंडरानी के बीच खेला गया। जिसमें पंडरानी की टीम पेनाल्टी शूटआउट में कोड़ेदाग को 5-1 से हराकर चैंपियन बनी। इस दौरान विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अस अवसर पर आजाद अंसारी ने कहा कि गुमला जिले के खिलाड़ियों के रग-रग में हॉकी का जुनून दौड़ता है। जिले के गांव-खेतों में खेलकर देश-विदेश के सैंकड़ों प्रतियोगिता में जौहर दिखाने वाले खिलाड़ियों की एक बड़ी फेहरिस्त है। कहा कि खेलकूद तो कई होते हैं, लेकिन जो रफ्तार हॉकी ने पकड़ी है वह पूरे देश में एक अलग पहचान बनाई है। कहा कि गुमला जिला खेल की नगरी रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा कि कमी नहीं है। बस इसे निखारने की जरूरत है। इस मौके पर विजय लकड़ा, ललित उरांव, प्रकाश उरांव, पहना उरांव और फैजान अंसारी आदि उपस्थित थे।

# हिंडाल्को कंपनी की लूटनीति के विरुद्ध 23 सितंबर को बिशुनपुर में नुक्कड़ सभा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के तत्वाधान में हिंडाल्को कंपनी की कथित लूट नीति और माइंस क्षेत्र में सीएसआर के तहत पेयजल, स्कूल, अस्पताल, रोजगार, सड़क आदि बुनियादी सुविधाओं की बहाली की मांग को लेकर बिशुनपुर चौक में 23 सितंबर को नुक्कड़ सभा आयोजित होगी। विदित हो कि हिंडाल्को कंपनी द्वारा बॉक्साइट माइन्स का संचालन करते हुए 50 साल से भी ज्यादा हो गया है। बावजूद अब तक स्कूल, अस्पताल, सड़क, सिंचाई, रोजगार देने की बात तो दूर पीने का साफ पानी भी अब तक जंगल पहाड़ में रहने वाले लोगों के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। सरकार एवं जिला प्रशासन हिंडाल्को कंपनी की इस मनमानी पर चुपी साधे बैठे है। माइंस क्षेत्र के लोगों का इस शोषण के विरुद्ध बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति की ओर से आंदोलन की शुरूआत वीर जतरा टाना भगत की धरती बिशुनपुर से की जा रही है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत होनेवाली नुक्कड़ सभा में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे। उक्त जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी।

# मजदूरों ने बोनस की मांग को लेकर रिद्धि-सिद्धि कंपनी का किया गेट जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुण्डा।** निरसा के शासनबेरिया स्थित रिद्धि सिद्धि कारखाना के मजदूरों ने बोनस की मांग को लेकर सोमवार को कंपनी का गेट जाम कर धरने पर बैठ परिचालन ठप कर दिया। इस दौरान मजदूरों ने जमकर प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गेट जाम रहने के कारण लगभग आधा दर्जन वाहन खड़ा हो गया। यूनियन अध्यक्ष बबलू गोप एवं महासचिव रघु मिश्रा ने कहा की 2020 में प्रबंधन के साथ वार्ता हुई थी की आगामी पांच वर्षो तक 2021, 2022, 2023 एवं 2024 तक 11 प्रतिशत बोनस दिया जायेगा। उसके बाद बैठक कर आने वाले वर्षो में बोनस पर विचार विमर्श किया जायेगा। हमलोग जब इस साल प्रबंधक के साथ बात करने गये तो वे बोनस बढ़ाने के बजाय कम करने की बात कहने लगे। हमलोगों की मांग है की इस साल कम से कम 15 प्रतिशत बोनस देना होगा। अन्यथा अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

# एमएमजी कंपनी ने सिंदरी जलापूर्ति पाइपलाइन को दो बार तोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ सिंदरी।** हर्ल सिंदरी की संवेदक मनमोहन ग्रोवर कंपनी ने सिंदरी शहर की मुख्य जलापूर्ति पाइपलाइन को ठीक दुर्गा पूजा से पहले लगातार दो दिनों में दो-दो बार लापरवाही के कारण तोड़ दिया गया और फरार हो गये। इससे शारदीय नवरात्र में सिंदरीवासियों की जलापूर्ति बाधित हो गई। एम एम जी कंपनी हर्ल सिंदरी के लिए चहारदीवारी बनाने का कार्य कर रही है। कार्य के दौरान शुक्रवार को एल टाइप सबस्टेशन के पास लगभग पांच मीटर लंबी पाइपलाइन को पोकलेन से ध्वस्त कर दिया था। बाद में हर्ल कर्मियों ने इसे शनिवार की देर रात तक बनाया और



रविवार को जलापूर्ति होनी थी। तभी रविवार को फिर चहारदीवारी निर्माण के दौरान एसीसी जामा मस्जिद के सामने पोकलेन से पुनः पाइपलाइन को ध्वस्त कर दिया। इससे सिंदरीवासियों को जलापूर्ति बाधित हो गयी। हर्ल ने आनन में सिंदरी के जलमीनारों में भरे पानी की जलापूर्ति घरों में कर दी। मात्र बीस मिनट की जलापूर्ति में सिंदरी के एक चौथाई घरों में जलापूर्ति भी नहीं हो पायी।

# शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के जूनियर डॉक्टर काम पर लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) के जूनियर डॉक्टर सोमवार को काम पर लौट गये हैं। एसएनएमएमसीएच का ओपीडी भी सोमवार की सुबह से शुरू हो गया है। जूनियर डॉक्टरों ने सांसद के प्रतिनिधि रामप्रवेश दास के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर काम पर लौटने की सहमति दे दी। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने अगले आदेश तक आउटसोर्सिंग कर्मी सह सांसद के प्रतिनिधि रामप्रवेश दास को काम पर नहीं आने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि शुक्रवार की रात जूनियर महिला डॉक्टर से दुर्व्यवहार होने के कारण शनिवार को ओपीडी बंद रहा। विरोधस्वरूप जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी। आक्रोश में




सांसद के एसएनएमएमसीएच प्रतिनिधि रामप्रवेश दास के साथ हाथापाई भी हुई थी। उसके बाद कई दौर में बैठकें हुईं। 150 से अधिक जूनियर डॉक्टर, इंटर्न, सीनियर रेजिडेंट ने पत्र लिखकर रामप्रवेश पर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को अस्पताल के अधिकारी डीसी से मिलकर आउटसोर्सिंग कर्मी को हटाने की मांग करते हुए पूरे मामले की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी मामले में आउटसोर्सिंग कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अधीक्षक को खरी खोटी सुनाने के मामले में बैठक में सांसद समर्थकों के साथ शनिवार को वार्ता विफल होने के बाद सांसद ने अस्पताल अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार गिंदोरिया को फोन कर खरी खोटी सुनायी थी। इस मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन, सीनियर डॉक्टरों, आइएमए प्रतिनिधि समेत अन्य की बैठक होगी। बैठक में उक्त मामले में ठोस निर्णय लिया जा सकता है। डॉक्टरों की ओर से यह सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर अस्पताल कर्मी सांसद प्रतिनिधि कैसे बन सकता है? अब सबों का ध्यान होने वाली बैठक पर टिकी हुई है।

# जीएसटी बचत उत्सव पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुण्डा।** मंगलवार से पूरे देश में शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो गयी है इसके साथ ही नवरात्रि के प्रथम दिन देश जीएसटी बचत उत्सव भी शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन में इस बात का ऐलान भी किया था। वहीं, इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि पूरे देश में 22 सितंबर को जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होंगे, जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने से दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले तमाम सामान, डेयरी प्रॉडक्ट, एसी, फ्रिज, कार-बाइक्स समेत कई सामानों के रेट कम हो गए हैं। जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने से देश के हर वर्ग के लोगों को इससे सीधा लाभ मिलना शुरू हो गया। इस खुशी के इजहार को लेकर चिरकुंडा शहीद चौक पर भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकता उपस्थित हुए जहां नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारा लगाये और राहगीरों को मिठाइयां बांटी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को बहुत बड़ी सौगात दी हैं जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने से देश की करोड़ा जनता को इसका सीधा लाभ मिलना शुरू हो गया है जिसके लिए हम सभी प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हूँ। इस मौके पर दशरथ साव, अरविंद सिन्हा, सुनीता देवी, जगरनाथ सिंह, इरफान अहमद सान, पप्पू सिंह, मिथलेश साव, आजाद खान, पावन शर्मा, शंभु साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** श्री श्री अम्बे दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 9ए आलोक मैदान गायत्री मंदिर मैदान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रेम कुमार उर्फ दिपु मोदी ने किया तथा इसका संचालन विजय कुमार तुरी ने किया। दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा में विधि व्यवस्था तथा धूमधाम से करने को लेकर चर्चा की गयी तथा इस बैठक में पदाधिकारी की सूची भी बनायी गयी जो इस दुर्गा पूजा को संपन्न कराने में अपनी भूमिका और सहयोग बढ़-चढ़कर करेंगे। आज नवरात्रि का पहला दिन है और इस पहला दिन में मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है पंडित के वेद मंत्र उच्चारण के साथ पहला दिन यानी मां शैलपुत्री के दिन गायत्री मंदिर के मैदान के मेले में आज कलश स्थापना का शुभारंभ किया गया। नवरात्रि में विशेष कर नौ रूप की मां की पूजा की जाती है जिसमें पहला दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां, तीसरे दिन चंद्रघंटा मां, चौथे दिन कुष्मांडा मां, पांचवें दिन स्कंदमाता मां, छठे दिन कात्यानी, मां सातवें दिन कालरात्रि मां, आठवें दिन महागौरी मां और नौवें दिन मां दुर्गा की पूजा की जाती है। जिसमें सप्तमी के दिन से श्रद्धालुओं को दर्शन करने की शुरूआत हो जाती है और लोग माता का दर्शन कर अपनी सुख समृद्धि को लेकर कामना करते हुए मेले का आनंद उठाते हैं। इस बैठक में सर्व सम्मति से अध्यक्ष दीपू मोदी, कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय मांझी अनिल सिंह, वरीय उपाध्यक्ष नित्यानंद सिंह, उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, संजय महतो, राजेश महतो, राकेश राय, अरुण सिंह, संतोष आस, प्रधान महासचिव, मृत्युबोध मांझी, डॉक्टर रमेश कुमार, महासचिव विजय कुमार पुरी, सचिव विश्वनाथ प्रताप आप, सहसचिव जयप्रकाश रवानी मनोज दुबे चंदन कुमार प्रेमचंद रजवार, संगठन सचिव उत्तम कुमार महतो विजय राजहंस गौरव झा महेश कुमार मुची सिंह बैजू कुमार गौरी शंकर महतो, कोषाध्यक्ष रामकुमार आस, प्रधान मेला प्रभारी संजय गागरे, मेला प्रभारी दुलारचंद महतो सुभाष रवानी समेत कई की घोषणा की गयी।

# डांडिया आयोजकों के लिए सुरक्षा-प्राथमिक चिकित्सा पर कार्यशाला का आयोजन हुआ

**अनुमंडल पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यशाला का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डांडिया महोत्सव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने की दिशा में समाहरणालय सभागार में सोमवार को नागरिक सुरक्षा बोकारो की ओर से एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें चास एवं बोकारो के विभिन्न डांडिया कार्यक्रमों के आयोजक शामिल हुए। कार्यशाला का उद्घाटन चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉ एसपी वर्मा और आकाश अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निशांत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा ने आयोजकों से अपील की कि डांडिया उत्सव को सांस्कृतिक सौहार्द और शांति के माहौल में आयोजित किया जाये। उन्होंने आयोजन स्थलों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था, महिलाओं के लिए शौचालय तथा मजबूत सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित करने की आवश्यकता बतायी।

कार्यशाला में डांडिया स्थलों पर अग्नि सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और प्राथमिक चिकित्सा को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी।

डॉ एसपी वर्मा और डॉ निशांत कुमार ने प्रतिभागियों को रोगी ढ़ोने की शय्या बनाने, रक्तस्राव रोकने और सीपीआर देने की प्रक्रिया सिखाई। बोकारो अग्नि शामक दल ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की विधि बतायी। मौके पर नागरिक सुरक्षा बोकारो के स्वयंसेवक जय प्रकाश सिंह, विनोद और प्रीतम ने आगलगी की घटनाओं से निपटने की कला का प्रदर्शन किया।

कार्यशाला में शामिल आयोजकों की ओर से शिखर रस्तोगी ने कहा कि जिला प्रशासन और नागरिक सुरक्षा द्वारा दी गयी यह जीवन रक्षक जानकारी अमूल्य है और इससे आयोजक आपातकालीन स्थितियों से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे।

# मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर में 79 महिलाओं ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग और बीजीएच की संयुक्त पहल में 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा (पूर्व) पंचायत के मिडिल स्कूल माराफारी, में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के बैनर तले केंद्र सरकार की पहल की श्रृंखला का एक हिस्सा है।

इस शिविर के दौरान महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ऊंचाई, वजन, बीएमआइ इंडेक्स, डेंटल हाइजीन की जांच की गयी। इस शिविर में कुल 79 महिलाएं लाभान्वित हुईं। इस कार्यक्रम में बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय, एवं डॉ इंद्रनील चौधरी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (बीजीएच) तथा महा प्रबंधक (सीएसआर) बी बनर्जी उपस्थित थे। सावित्री मुर्मू मुखिया (बांसगोड़ा-पूर्व) ने इस पंचायत की सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार झा ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

इस शिविर के दौरान, डॉ के अनिमा केरकेट्टा, एसीएमओ (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ दीपिका नारायण (मेडिसिन), डॉ मधुमिता श्रीवास्तव (डेंटल), डॉ रक्षा (ओ एंड जी), मेडिकल टीम के साथ उपस्थित थी। सीएसआर विभाग से ऋचा कुणाल सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर), नीरज कुमार त्रिपाठी वरीय प्रबंधक (सीएसआर), प्रवीण कुमार सहायक प्रबंधक (सीएसआर) अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में शामिल थे।

# सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में सुरक्षित ड्राइविंग के लिए किया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सिविल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्लांट प्लाजा रोड स्थित मिल्स जोन के समीप गोल चक्कर पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सीइडी) शालिग्राम सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निसेवाएं) बीके सरतापे उपस्थित थे। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर बल देते हुए कर्मचारियों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीइडी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सुरक्षा तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा कार्यस्थल एवं जीवन में सुरक्षा-प्रथम संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात, मनसा सिंह गेट के समीप एक गोल चक्कर का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनंजय कुमार, मुख्यमहाप्रबंधक (सीइडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निसेवाएं) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन) भास्कर प्रसाद सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह गोल चक्कर सीइडी विभाग द्वारा निर्मित किया गया है जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। उद्घाटन कार्यक्रम में वक्ताओं ने गोलचक्कर की डिजाइन एवं संरचना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सीईडी विभाग की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल से बोकारो इस्पात संयंत्र ने न केवल सुरक्षा के प्रति अपनी गहन प्रतिबद्धता को उजागर किया है, बल्कि कर्मचारियों में सुरक्षित यातायात और दुर्घटना-मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में सकारात्मक संदेश भी दिया है।

# झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो का वार्षिक महासम्मेलन जनवरी में होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/ बेरमो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो जिला का वार्षिक महासम्मेलन जनवरी 2026 में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने बताया कि महासम्मेलन में अक्टूबर 2024 से लेकर अबतक बोकारो जिले में नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों का संगठन के तरफ से औपचारिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर काव्य रचना प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली शिक्षिका श्वेता कुमारी उपाध्याय एवं सुधा कुमारी को भी सम्मानित किया जायेगा। कहा कि उक्त अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। दोनों शिक्षक प्रतिनिधियों ने सभी शिक्षकों तथा प्रयोगशाला सहायकों से आह्वान किया कि वे बढ़ चढ़कर महासम्मेलन में हिस्सा लें। श्री सिंह ने कहा कि महासम्मेलन शिक्षक और शिक्षिकाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम विशिष्ट थीम पर आधारित होगा, जिसकी घोषणा विचार विमर्श के पश्चात की जाएगी। मौके पर उपाध्यक्ष लालचंद रजक ने उम्मीद जताई कि सम्मेलन +2 शिक्षक संघ बोकारो के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष राजदेव साहू, उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत पांडेय, संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं राजेश कुमार विश्वकर्मा, संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार, उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, रामबाबू शुक्ल समेत कई शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं प्रयोगशाला सहायकों ने महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू भी कर दी है।

# हथिया-हथिया शोर कयिले.... कुछुओ ना दिवैले

## बगैर समझौता कर्मचारी को 29500, ट्रेनीज को 23600 रुपये बोनस दे रहा सेल

दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हथिया हथिया शोर कयिले.... कुछुओ ना दिवैले। बिहार में लड़कों के शादी समारोह में यह विवाह गीत लड़के के पक्ष वाले लड़की के पक्ष के लिए गाते हैं। जो बोकारो के मजदूर अब यूनियन नेताओं के लिए गा रहे हैं। भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड-सेल ने एनजेसीएस मीटिंग विफल होने के बाद बड़ा फैसला लिया है। कर्मचारियों के आक्रोश को शांत करने के लिए खाते में पैसा डालने जा रहा है। नियमित कर्मचारी के



खाते में 29 हजार 500 और ट्रेनीज को 23 हजार 600 रुपए दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सोमवार से ही खातों में पैसा आना शुरू हो जाएगा। बताया जाता है कि सेल प्रबंधन की ओर से इस बाबत सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। बीएसपी-भिलाई स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, बोकारो स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर-आइएसपी, अलॉय स्टील प्लांट, सेलम स्टील प्लांट, विश्वेश्वरैया स्टील प्लांट, सीएमओ कोलकाता, ईएमडी कोलकाता, सीएफपी चंद्रपुर, सीसीएसओ, धनबाद, एसआरयू बोकारो, कोयला खदान के कर्मचारियों को बोनस का पैसा दिया जा रहा है। बगैर बोनस समझौता किए सेल प्रबंधन लगातार तीसरी बार राशि कर्मचारियों के खाते में डाल रहा है। सेल प्रबंधन का कहना है कि मानकों पर प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए और एएसपीएलआइएस योजना के अनुसार, वर्ष 2025-26 के लिए उन गैर-कार्यकारी कर्मचारियों (प्रशिक्षुओं सहित) को वार्षिक राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है, जो सेल के संबंधित संयंत्र/इकाई के रोल पर थे। यह राशि बोनस भुगतान (संशोधन) अधिनियम, 2015 के तहत उन गैर-कार्यकारी कर्मचारियों (प्रशिक्षुओं सहित) के लिए बोनस भुगतान के रूप में मानी जायेगी जो उपरोक्त अधिनियम के तहत बोनस भुगतान के पात्र हैं। अन्य नियमित गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए, यह राशि वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक सेल प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन के रूप में मानी जायेगी। इस बाबत सेल कर्मियों में रोष भी देखा जा रहा है। कमचारियों का कहना है कि जब सेल को अपने स्तर से ही बोनस पर निर्णय लेना है तो एनजेसीएस के साथ मीटिंग का क्या मतलब।

# ट्रेन में तीन बैग से 45 किलो गांजा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एएल एलपी धनबाद एक्सप्रेस में लावारिस हालत में पड़ी तीन बैगों को आरपीएफ ने जप्त किया है और उस बैंग से भारी मात्रा में गांजा भी बरामद किया गया है। आरपीएफ के अनुसार तीन बैंग में बरामद गांजा लगभग 45 किलो 280 ग्राम है और जिसकी कीमत 4 लाख 52 हजार से उपर की बतायी जा रही है। आरपीएफ के अनुसार जब एसआइ अरुणा उरांव, एएसआइ मुकेश कुमार सिंह, एएसआई आशीष रंजन और एएसआइ-डीके द्विवेदी बीकेएससी स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे थे, तभी एससीएनएल/ एडीआरए से ट्रेन नंबर 13352 (एएलएलपी-धनबाद एक्सप्रेस) के कोच नंबर एस/ 3 में तीन लावारिस बैग पड़े होने की सूचना मिली। जीआरपी बीकेएससी के ड्यूटी अधिकारी को तुरंत मौखिक रूप से सूचना दी गयी और लगभग 9 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर के बोकारो स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर, एसआइ अरुणा उरांव, एएसआइ डीकेद्विवेदी, एएसआइ एमके सिंह, एएसआइ आशीष रंजन के साथ स्टाफ और सीआईबी यूनिट/आद्रा के अधिकारी और कर्मचारी उपरोक्त कोच में पहुंचे और कोच नंबर एस-3 की प्रयोगशाला के पास बंद हालत में 03 लावारिस ट्रॉली बैग (2 काले रंग के और 1 फि रोजा फिरोजी) रंग के पाये। ड्यूटी पर मौजूद टीटीइ प्रशांत कुमार, (मुख्यालय-आरओयू) और यात्रियों के साथ प्रारंभिक पूछताछ की गयी लेकिन उपरोक्त ट्रॉली बैग का दावा करने के लिए कोई भी आगे नहीं आया। आरसीएफ ने सभी 3 लावारिस ट्रॉली बैग को ट्रेन में मौजूद टीटीइ की मौजूदगी में उतारा गया और जीआरपी बीकेएससी के पहुंचने पर बरामद सामान को जीआरपी/ बीकेएससी के अधिकारियों की मौजूदगी में बैगेज स्कैनर के जरिए स्कैन किया गया और उसके बाद उपरोक्त बरामद ट्रॉली बैग को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए आरपीएफ सहायक बूथ बीकेएससी में रखा गया।

# भारत सैटेलाइटों की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड सैटेलाइट बनायेगा

- अंतरिक्ष में संदिग्ध गतिविधि पता चलेगी
- एक देश का उपग्रह 1 किमी पास से गुजरा था

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष में बढ़ते खतरे और दुश्मन देशों की सैटेलाइट गतिविधियों को देखते हुए भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा मजबूत करने की योजना बना रही है। मोदी सरकार अब ऐसे खास बॉडीगार्ड सैटेलाइट बनाने की तैयारी कर रही है, जो अंतरिक्ष में भारतीय सैटेलाइट की सुरक्षा करेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत जवाब देंगे।

ब्लूमबर्ग के सूत्रों के अनुसार इस तैयारी को तेजी तब मिली जब 2024 के बीच एक पड़ोसी देश का सैटेलाइट इसरो के सैटेलाइट के सिर्फ 1 किलोमीटर पास से गुजरा था। रिपोर्ट के मुताबिक यह सैटेलाइट 500-600 किलोमीटर की ऊंचाई पर था और मैपिंग और जमीन की निगरानी जैसे सैन्य काम कर रहा था। हालांकि, दोनों सैटेलाइट्स टक्कर तो नहीं हुई, लेकिन यह घटना जानकारों के अनुसार दूसरे देश की ताकत दिखाने की कोशिश हो सकती है।

सरकार अब स्टार्टअप्स के साथ मिलकर LiDAR सैटेलाइट और ग्राउंड-बेस्ड रडार जैसे सिस्टम पर काम कर रही है, जिससे खतरों को समय रहते पहचान कर सैटेलाइट को सुरक्षित पोजिशन पर भेजा जा सके।

**एयर मार्शल ने जून में अंतरिक्ष सुरक्षा को लेकर चेतावनी दी थी :** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने जून में सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स इंडिया सेमिनार चेतावनी दी थी कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तेजी से अंतरिक्ष क्षमता बढ़ा रही है और यह भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

**4 साल में 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट लॉन्च किये जायेंगे :** सरकार ने तय किया है कि 2029 (अगले 4 साल में) तक 52 स्पेशल डिफेंस सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे, ये सभी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारत की आंख बनेंगे और पाकिस्तान-चीन बॉर्डर पर लगातार नजर रखेंगे। सैटेलाइट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) बेस्ड होंगे। 36 हजार किमी ऊंचाई पर ये आपस में कम्युनिकेट कर सकेंगे। इससे पृथ्वी तक सिग्नल भेजने, मैसेज-तस्वीरें भेजने में आसानी होगी। यह पूरा अभियान रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के तहत चलाया जा रहा है और इसके लिए सरकार ने स्पेस-बेस्ड सर्विलांस फेज-3 योजना बनायी है। इसके लिए 26,968 करोड़ का बजट है। इसे अक्टूबर 2024 में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने मंजूरी दी थी।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद योजना को लागू करने में तेजी :** 7 से 10 मई 2025 के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ भारी सैन्य कार्रवाई की थी। इस दौरान देशी सैटेलाइट्स और कुछ विदेशी कॉमर्शियल डेटा का इस्तेमाल किया गया, लेकिन रियल टाइम ट्रैकिंग में कई खामियां उजागर हुईं। एक अधिकारी ने बताया कि हमें अपने फैसलों की गति तेज करनी होगी। जितना जल्दी हम 52 सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में स्थापित करेंगे, हमारी सुरक्षा उतनी ही मजबूत होगी।

## यूपी में जाति आधारित रैलियों पर रहेगी पाबंदी केस में भी उल्लेख नहीं



**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** योगी सरकार ने उत्तरप्रदेश में एक अहम बदलाव किया है। कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने हाइकोर्ट के आदेश के तहत निर्देश दिये हैं कि एफआइआर, गिरफ्तारी मेमो आदि में जाति का उल्लेख हटाया जाये। साथ ही माता-पिता के नाम जोड़े जायें। थानों के नोटिस बोर्ड, वाहनों और साइनबोर्ड से जातीय संकेत और नारे हटाए जायेंगे। जाति आधारित रैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर भी सख्त निगरानी रहेगी। हालांकि, एससी-एसटी एक्ट जैसे मामलों में छूट रहेगी। आदेश के पालन के लिए पुलिस नियमावली में संशोधन किया जायेगा। मालूम हो कि कुछ समय पहले कोर्ट के द्वारा यह आदेश दिया गया था।

# राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मेलन में रेज़िलिएंट माइंड्स पर विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसएबिलिटीज (दिव्यांगजन), कोलकाता एवं वैभव प्रकाश विशेष प्रशिक्षण केंद्र, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 20 और 21 सितंबर को रेज़िलिएंट माइंड्स का निर्माण : शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य एवं खुशहाली पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन, खुशहाली और दिव्यांगजन सशक्तिकरण पर विचार विमर्श करना एवं विशेषज्ञों को साझा मंच प्रदान करना था। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि आदर्श कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्रम आयुक्त कार्यालय, कानपुर थे। अध्यक्षता डॉ ललित नारायण, निदेशक, एनआइएलडी, कोलकाता ने की, जबकि संयोजक रहे डॉ राजीव वर्मा, डीन छात्र कल्याण, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ परिसर। आयोजन सचिव की भूमिका वैभव प्रकाश विशेष प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक पीके अग्रवाल ने निभायी।



**विशेषज्ञों के विचार :** कार्यक्रम में देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विशेषज्ञों एवं पेशेवरों ने भाग लिया। प्रमुख वक्ताओं में डॉ रतन सरकार, डॉ एम करुप्पासामी, सिद्धार्थ दुबे, डॉ राजेंद्र कुमार प्रवीन, प्रो डॉ भुवन चंद्र महापात्रा, डॉ राजेश रामचंद्रन, डॉ संतोष यादव, आचार्य विमल तथा डॉ नीलम बंसल शामिल रहे। विशेषज्ञों ने अपने विमर्श में मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों, लचीलापन विकसित करने की रणनीतियों, विशेष शिक्षा, पुनर्वास विज्ञान और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों पर प्रकाश डाला।

**सम्मेलन की विशेषताएं :** सम्मेलन ने स्पष्ट किया कि दिव्यांगजन से जुड़े सभी हितधारकों का क्षमता निर्माण आज की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इससे उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बना कर आत्मनिर्भर, उत्पादक और खुशीपूर्ण जीवन की ओर प्रेरित किया जा सकता है। प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समग्र उपचार पद्धतियों और नीतिगत उपायों की समझ विकसित की। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि एनआइएलडी और वैभव प्रकाश विशेष प्रशिक्षण केंद्र जैसी संस्थाएं दिव्यांगजन सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान ने अपने ही लोगों पर बमबारी की

# महिलाओं-बच्चों समेत 30 की मौत

- पाकिस्तानी सेना ने कहा : यहां तालिबान बम बना रहा था

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वायुसेना ने सोमवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के ख-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराये। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गये, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बना कर मस्जिदों में छिपा रहे थे। इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है।


वहीं, इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना सही जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। जून में एक ड्रोन हमले में बच्चे की मौत के बाद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार की आलोचना की थी। मार्च में भी खैबर के कटलांग में 10 नागरिक मारे गये थे।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट में कॉकपिट डोर खोलने की कोशिश

- 9 आरोपी हिरासत में, सभी टैक्सी ड्राइवर
- बेंगलुरु से वाराणसी जा रहा था विमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे में पासकोड डालने की कोशिश भी की, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग भी उठकर आ गये। एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। विमान के कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को बताया। विमान के वाराणसी में लैंड होते ही सीआइएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में ले लिया। वाराणसी पुलिस ने बताया कि सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। बाबतपुर चौकी में उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी के मोबाइल और कॉल डिटेल चेक किये जा रहे हैं। लोकल पुलिस के जरिए एड्रेस वेरिफिकेशन भी कराया जा रहा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आइएक्स-1086) सोमवार सुबह 8:14 बजे बेंगलुरु से वाराणसी के लिए उड़ी थी। 10:20 बजे विमान वाराणसी एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। इसके साथ ही उक्रऋ के जवान पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। सीआइएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। आरोपी हिरासत में हैं और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।




## बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहा था नौ दोस्तों का ग्रुप


पुलिस के मुताबिक शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि 9 दोस्तों का ग्रुप काशी में मंदिर दर्शन के लिए आ रहा था। इनमें मनि आर, योगेश सी, धनुष आर, श्रीमंथा एस, मणिकांता बी, शिवा कुमार एच, मंजूनाथ एम, सुदीप एनवी, हर्ष बी शामिल हैं। मनि आर ने कॉकपिट का गेट खोलने का प्रयास किया था। सभी टैक्सी ड्राइवर हैं, यह एक ट्रैवल एजेंसी की कारें चलाते हैं। सभी ने बनारस घूमने का टूर पैकेज लिया था। ये सब पहली बार फ्लाइट में सफर कर रहे थे। बाथरूम के बगल में कॉकपिट के दरवाजे का बटन था। मनि आर ने बाथरूम का समझकर कॉकपिट का बटन दबा दिया। क्रू मेंबर ने रोकने की कोशिश की, तो अंदर जाने की जिद करने लगा। उसके साथियों ने भी सपोर्ट किया। पुलिस का कहना है कि अभी तक तलाशी में कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। बैकग्राउंड चेक किया जा रहा है।

# मनी लांड्रिंग मामला : ठग सुकेश केस में जैकलीन फर्नांडिस को राहत नहीं



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने सुकेश से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले को रद्द करने की मांग की थी। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा दर्ज किया गया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने जैकलीन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर जरूरत हो तो वह आगे चलकर सही समय पर दोबारा कोर्ट आ सकती हैं। जैकलीन की तरफ से सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष का मामला यही है कि उन्हें चंद्रशेखर से तोहफे लेते समय ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए थी। जस्टिस दत्ता ने कहा कि अभी तक कुछ साबित नहीं हुआ है, लेकिन ट्रायल से पहले इन आरोपों को खारिज नहीं किया जा सकता। आरोप जैसे हैं वैसे ही माना जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर एक दोस्त दूसरे को कुछ देता है और बाद में पता चलता है कि देने वाला किसी अपराध में शामिल है, तो मामला मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला ऐसे तोहफे पाने का नहीं है, जो अनजाने में मिले हों।

आवश्यकता
आजाद सिपाही दैनिक अखबार
धनबाद के लिए कैमरामैन,
एंकर एवं विज्ञापन के लिए
लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
मासिक वेतन न्यूनतम 10,000/-
योग्यता अनुसार दिया जाएगा
संपर्क सूत्र : 6200085283, 9386849203







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**